दैनिक

# नवयत

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

खबरें सड़क से संसद तक

वर्ष: 17 | अंक 46 | सीकर, सोमवार 13 अप्रैल 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8




## भावपूर्ण श्रद्धांजलि

## आशा भोसले का 92 साल की उम्र में निधन

### चेस्ट इंफेक्शन के बाद अस्पताल में भर्ती थीं

मुम्बई

सिंगर आशा भोसले का 92 साल की उम्र में निधन हो गया है। रविवार दोपहर मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। उन्हें शनिवार शाम को यहां भर्ती किया गया था।

ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल के डॉ. प्रतीत समदानी ने न्यूज एजेंसी को बताया कि आशा भोसले को कई मेडिकल समस्याएं थीं और मल्टी-ऑर्गन फेल्योर यानी कई अंग फेल होने के कारण उनका निधन हुआ। आशा भोसले के बेटे आनंद भोसले ने बताया कि जो लोग अंतिम दर्शन करना चाहते हैं, वे कल सुबह 11 बजे उनके घर आ सकते हैं। अंतिम संस्कार कल शाम 4 बजे शिवाजी पार्क में किया जाएगा।



### पीएम मोदी ने आशा भोसले के निधन पर जताया गहरा शोक, बोले-यादें रहेंगी अमर




प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय संगीत जगत की दिग्गज गायिका और पद्म विभूषण से सम्मानित आशा भोसले के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर आशा जी के साथ अपनी पुरानी मुलाकातों की तस्वीरें साझा करते हुए कहा कि उन पलों की स्मृतियां वे हमेशा संजोकर रखेंगे ।पीएम मोदी ने कहा कि आशा भोसले की असाधारण संगीत यात्रा ने न केवल भारत की सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध किया, बल्कि दुनिया भर में अनगिनत दिलों को छुआ। उनकी आवाज में ऐसी अद्भुत विविधता थी, जिसमें दिल को छू लेने वाली मधुरता भी थी और जोश से भरी ऊर्जा भी। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, भारत की सबसे आइकॉनिक और बहुमुखी आवाजों में से एक आशा भोसले जी के निधन से मैं बहुत दुखी हूं।

## अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से, 57 दिन चलेगी

**28 अगस्त को खत्म होगी; 15 अप्रैल से रजिस्ट्रेशन शुरू होंगे**

श्रीनगर।



अमरनाथ यात्रा की तारीखों का ऐलान कर दिया गया है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को बताया कि इस साल यात्रा 3 जुलाई से 28 अगस्त तक चलेगी। 57 दिन चलने वाली इस यात्रा के लिए जम्मू के भगवती नगर बेस कैम्प से पहला जत्था रवाना होगा। यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन 15 अप्रैल से शुरू होंगे। एलजी सिन्हा ने यात्रा की जानकारी देते हुए मीडिया को बताया कि 13 से 70 साल की उम्र वाले यह यात्रा कर सकते हैं। गुफा में पहली पूजा 19 जून को ज्येष्ठ पूर्णिमा पर की जाएगी। यात्रा के लिए अनंतनाग से पारंपरिक 48 किमी लंबा नुनवान-पहलगाम रूट और गांदरबल से 14 किमी लंबा बालटाल रूट खुला रहेगा।

**देशभर में 556 बैंक ब्रांच से होगा ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन-** एलजी सिन्हा ने बताया कि देशभर में लगभग 556 तय बैंक शाखाओं के जरिए यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है, जबकि श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट के जरिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन भी होगा। रजिस्ट्रेशन के लिए यस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और एक्सिस बैंक की ब्रांचेस में यात्रा के रजिस्ट्रेशन फॉर्म उपलब्ध रहेंगे।

## कांग्रेस बोली-सरकार जाति जनगणना को ठंडे बस्ते में डालना चाहती

नई दिल्ली।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने रविवार को कहा कि केंद्र सरकार जाति जनगणना को ठंडे बस्ते में डालना चाहती है। साथ ही महिला आरक्षण कानून में बदलाव के जरिए देश को गुमराह कर रही है। जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्वीटर पर लिखा- सरकार अनुच्छेद 334-ए में संशोधन की बात कर रही है। यह तर्क दे रही है कि जाति जनगणना के नतीजे आने में समय लगेगा। लेकिन बिहार और तेलंगाना जैसे राज्यों ने 6 महीने से कम समय में जाति सर्वे पूरा किया है। उन्होंने कहा कि ये सरकार का छिपा हुई एजेंडा है। सरकार का असल मकसद जाति जनगणना नहीं कराना है। अनुच्छेद 334-ए में महिलाओं के लिए आरक्षण लागू करने को जनगणना और परिसीमन से जोड़ा गया है।

## टीएमसी ने मदरसों के लिए 6000 करोड़ दिए : मोदी

### अब 15 साल का हिसाब देना होगा, सिलीगुड़ी की जनसभा उनकी नींद उड़ा देगी

नई दिल्ली/कोलकाता/चेन्नई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि टीएमसी ने मदरसों के लिए 6000 करोड़ दिए, लेकिन विकास के लिए कुछ नहीं किया। वह सिर्फ अपने खास वोट बैंक के लिए पैसे देती है। आपने टीएमसी के शासन काल में बंगाल की बर्बादी देखी है। अब उन्हें 15 साल का हिसाब देना होगा।

उन्होंने कहा कि बंगाल से टीएमसी का जाना तय है। कल मेरे रोड शो में लोगों ने जो प्यार दिखाया, उसे मैं कभी नहीं भूल सकता। आज सिलीगुड़ी की यह जनसभा टीएमसी की नींद उड़ा देगी। पीएम का आज पश्चिम बंगाल दौरे का दूसरा दिन है। उन्होंने सिलीगुड़ी में जनसभा की। मोदी ने दार्जिलिंग की सभी 5 और जलपाईगुड़ी जिले की सभी 7 सीटों पर भाजपा के उम्मीदवारों के लिए वोट मांगे।

पीएम मोदी ने सीएए (नागरिकता संशोधन अधिनियम) का भी जिक्र किया। उन्होंने 'कमल खिलाओ, घुसपैठिया भगाओ' के नारे लगाते हुए कहा कि टीएमसी की सरकार निर्मम है, लेकिन हमने सीएए की मदद से आपको वोटिंग की गारंटी दी है।



**पीएम की रैली की 3 मुख्य बातें...**

- दार्जिलिंग समेत उत्तर बंगाल का एक बड़ा हिस्सा चाय उत्पादक क्षेत्र है। आपकी चाय का स्वाद मुझसे बेहतर कौन जान सकता है, लेकिन टीएमसी सरकार चाय बागानों को भी नष्ट कर रही है। देश में एक टुकड़े-टुकड़े गिरोह सक्रिय है, जिसने सिलीगुड़ी कॉरिडोर को बंद करने की धमकी दी है।
- असम आपके पड़ोस में है। वहां की भाजपा सरकार ने चाय बागान श्रमिकों के बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार पर काम किया गया है। श्रमिकों को भूमि पट्टे दिए जा रहे हैं। बंगाल में भी श्रमिक परिवारों को भूमि पट्टे दिए जाएंगे।
- नॉर्थ बंगाल में टीएमसी की राजनीति हमेशा डर पैदा करने की रही है। लोगों को भयभीत रखना और उनकी उपेक्षा करना यहां आम बात है। यहां राजनीतिक हिंसा होती है, लोगों को डराया-धमकाया जाता है। नेताओं की हत्या तक करवाई जाती है।



## ट्रंप ने किया होर्मुज नाकाबंदी का एलान

नई दिल्ली।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रम्प ने इस्लामाबाद में शांति वार्ता के विफल होने के बाद ईरान को खुली चेतावनी दे दी है। ईरान के अपने परमाणु मंसूबों को छोड़ने से इनकार के जवाब में अमेरिका ने होर्मुज जलडमरूमध्य की नौसैनिक नाकेबंदी का आदेश दिया है।

ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, यूनाइटेड स्टेट्स नेवी, जो दुनिया में सबसे बेहतरीन है, होर्मुज जलडमरूमध्य में घुसने या उससे बाहर निकलने की कोशिश करने वाले किसी भी जहाज की नाकेबंदी की प्रक्रिया शुरू कर देगी।

**गोली चलाने वालों को कर देंगे तबाह**

अमेरिका और ईरान के बीच हुई इस मीटिंग के बाद ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर एक काफी बड़ी पोस्ट शेयर करते हुए ईरान की कड़ी आलोचना की। ट्रंप ने लिखा, ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट को खोलने का वादा किया था, लेकिन जान-बूझकर अपना वादा पूरा नहीं किया। ट्रंप ने आगे लिखा, वे कहते हैं कि उन्होंने पानी में बारूदी सुरंगें बिछा दी हैं, जबकि उनकी पूरी नेवी और उनके ज्यादातर बारूदी सुरंग बिछाने वाले जहाज पूरी तरह से तबाह हो चुके हैं। हो सकता है कि उन्होंने ऐसा किया हो, लेकिन कोई भी जहाज का मालिक ऐसा जोखिम क्यों उठाना चाहेगा।



डोनल्ड ट्रंप ने माना कि पाकिस्तान में लंबी बातचीत अच्छी रही और ज्यादातर बातों पर सहमति बन गई, लेकिन ईरान ने अपने परमाणु कार्यक्रम के मुद्दे पर झुकने से इनकार कर दिया। ट्रंप ने पोस्ट में ईरान को चेतावनी देते हुए लिखा, कोई भी ईरानी जो हम पर या शांतिपूर्ण जहाजों पर गोली चलाएगा, उसे तबाह कर दिया जाएगा।

पाकिस्तान में अमेरिका-ईरान के बीच हुई हाई-लेवल मीटिंग के बाद अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ईरान के साथ बिना कोई समझौता किए पाकिस्तान से लौट गए हैं।

जेडी वेंस ने पत्रकारों से कहा, हम यहां से एक बहुत ही सीधे प्रस्ताव के साथ लौट रहे हैं - आपसी समझ का एक ऐसा तरीका जो हमारा अंतिम और सबसे बेहतरीन प्रस्ताव है। हम देखेंगे कि ईरानी इसे स्वीकार करते हैं या नहीं।

## राजस्थान में तापमान चढ़ा, जयपुर-कोटा-उदयपुर में गर्मी बढ़ी

### बाड़मेर में तापमान 39 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज; अगले तीन-चार दिन में गर्मी और तेज होगी

**जयपुर।** राजस्थान में दिन में तेज धूप रहने के साथ ही गर्मी भी बढ़ने लगी है। जयपुर, अलवर, सीकर समेत कई शहरों का तापमान 2 से 5 डिग्री सेल्सियस तक चढ़ गया। सबसे गर्म दिन शनिवार को कोटा, बाड़मेर में रहा। पश्चिमी राजस्थान में दिन के साथ अब रात में भी गर्मी बढ़ने लगी। यहां न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर ने राज्य में अगले तीन-चार आसमान साफ रहने और तेज धूप निकलने से तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक और बढ़ोतरी होने का अनुमान जताया है। पिछले 24 घंटे का मौसम देखें तो शनिवार को बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ एरिया को छोड़कर शेष राज्य में मौसम साफ रहा। बीकानेर संभाग के एरिया में सुबह से दोपहर तक बादल छाए।

### कोबरी-सार




## बीजेपी ने सांसदों के लिए व्हिप जारी किया

### 16-18 अप्रैल तक संसद में मौजूद रहना होगा; महिला आरक्षण के लिए विशेष सत्र; पीएम ने पत्र लिखा

नई दिल्ली।

बीजेपी ने रविवार को लोकसभा और राज्यसभा के सभी सांसदों को 3 लाइन का व्हिप जारी कर 16 से 18 अप्रैल तक संसद में मौजूद रहने को कहा है। इस दौरान किसी को भी छुट्टी नहीं दी जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन के ड्राफ्ट बिल को मंजूरी दे दी गई थी। सरकार ने बजट सत्र को बढ़ाते हुए 16 से 18 अप्रैल तक संसद का विशेष सत्र बुलाया है। संसद से मंजूरी मिलने के बाद यह कानून 31 मार्च 2029 से लागू होगा और उसी साल होने वाले लोकसभा चुनाव में पहली बार प्रभावी होगा।

इससे पहल रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को लोकसभा और राज्यसभा के सभी दलों के फ्लोर लीडर्स को पत्र लिखकर 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पर समर्थन मांगा। पीएम ने लिखा कि अब समय आ गया है कि इस कानून को पूरे देश में सही मायनों में लागू किया जाए।



**प्रधानमंत्री ने सभी दलों को चिट्ठी लिखी**

पीमए मोदी ने लिखा कि 2029 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव महिलाओं के लिए आरक्षण के साथ कराए जाने चाहिए। महिलाओं को राजनीति में ज्यादा प्रतिनिधित्व देने की इच्छा सभी पार्टियों ने लंबे समय से जताई है, अब इसे हकीकत में बदलने का समय है।

**खड़गे बोले- सर्वदलीय बैठक हो**

वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पत्र के जवाब में पत्र लिखकर कहा कि राज्य चुनावों के बीच संसद का विशेष सत्र बुलाना यह दिखाता है कि सरकार इस कानून को राजनीतिक लाभ के लिए जल्दबाजी में लागू करना चाहती है। खड़गे ने यह भी मांग की कि इस मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक बुलाई जाए और परिसीम से जुड़े मुद्दों पर भई विस्तार से चर्चा की जाए। इस प्रस्ताव के तहत लोकसभा की सीटें मौजूदा 543 से बढ़ाकर 816 की जाएंगी, जिनमें 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी।

# गरिमा चौधरी का हुआ राष्ट्रीय स्तर पर चयन



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** प्रतिभाशाली टेबल टेनिस खिलाड़ी गरिमा चौधरी ने 69वीं एसजीएफआई राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। गरिमा चौधरी पुत्री महेंद्र सिंह फिड़ोदा का चयन नई दिल्ली में 16 से 22 अप्रैल तक आयोजित होने वाली 69वीं राष्ट्रीय स्तर की टेबल टेनिस प्रतियोगिता अंडर-14 गर्ल्स/बॉयज वर्ग के लिए हुआ है। गरिमा के इस चयन से पूरे चूरू जिले में खुशी का माहौल है। खेल प्रेमियों, कोच और परिवारजनों ने गरिमा को इस सफलता पर बधाई दी है। गरिमा ने अपनी मेहनत, अनुशासन और लगातार अभ्यास के दम पर यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने पहले भी राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो बार सिल्वर मेडल जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

# डॉ. जांगिड़ बने अध्यक्ष, डॉ. सक्सेना बनी सचिव



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन सुजला ब्रांच के चुनाव सम्पन्न हुए हैं। आगामी 2 वर्ष के लिए इलेक्शन कमेटी का गठन किया गया, जिसमें डॉ. वीएस घोड़ावत, डॉ. एसएन बजाज, डॉ. एसके छाबड़ा, डॉ. सी आर सेठिया शामिल रहे। कमेटी ने सर्वसम्मति से डॉक्टर एस एन जांगिड़ को अध्यक्ष, डॉ. योगिता सक्सेना को सचिव, डॉक्टर पुरुषोत्तम करवा को कोषाध्यक्ष, अनीता जैन को उपाध्यक्ष, डॉ. श्रेयांश घोड़ावत को संयुक्त सचिव, डॉ देवेंद्र जैन और डॉक्टर दिलीप सोनी को स्टेट काउंसिल मेंबर चुना। वर्ष भर की योजनाएं जैसे स्वास्थ्य कैंप लगाना, वैक्सीनेशन कैंप लगाना, जन जन तक स्वास्थ्य की जानकारी पहुंचाना, महामारी में उपचार के लिए डॉक्टर अभिषेक शर्मा, डॉ. राधे सांखला को प्रभारी नियुक्त किया गया।

# पीसीबी स्कूल में विद्यार्थियों को दी कानूनी जानकारी



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय तालुका विधिक सेवा समिति की ओर से कानूनी अधिकार मित्र रामप्रसाद शर्मा ने पी.सी.बी. राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित संगोष्ठी को सम्बोधित किया। शर्मा ने साइबर ठगी के विषय में जागरूक किया और बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने तथा बाल विवाह रोकथाम को लेकर अपील की। कार्यक्रम में साइबर ठगी, महिला समानता, बाल विवाह की रोकथाम व अनेक प्रकार की कानूनी जानकारी प्रदान की गई। प्रधानाचार्य रणवीर सिंह ने मोबाइल व इंटरनेट के सदुपयोग या दुरुपयोग पर अनेक प्रकार की जानकारी प्रदान की। उप प्रधानाचार्य सुनीता शर्मा ने विद्यार्थियों को कोई भी निजी जानकारी शेयर नहीं करने की सलाह दी। कार्यक्रम में 200 विद्यार्थियों व विद्यालय के स्टाफसदस्यों ने भाग लिया। स्टाफसचिव इकबाल खान ने आभार व्यक्त किया। संचालन एकता मीणा ने किया।

# बोल गुर्जर मन की बात कार्यक्रम को लेकर जनसंपर्क



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** आगामी 17 अप्रेल को आयोजित होने वाले बोल गुर्जर मन की बात कार्यक्रम को लेकर व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार कर लोगों से जनसंपर्क किया जा रहा है। देवनारायण भगवान मंदिर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर देवनारायण मंदिर समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्र गुर्जर, मनसुख खटाणा, अजय सिराधना, मनोज बोकण सहित गुर्जर समाज के पदाधिकारियों द्वारा समाज बन्धुओं के घर जाकर कार्यक्रम में आने के लिए न्यौंता दिया जा रहा है। नरेंद्र गुर्जर ने बताया कि कार्यक्रम को गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय बैंसला सम्बोधित करेंगे और समाज की जाजम पर शिक्षा और स्वास्थ्य की चुनौतियां, युवाओ के लिए रोजगार के अवसर, कृषि और पशुपालन की समस्याएं, सामाजिक कुरीतियों से निजात, गुर्जर समाज के इतिहास और विरासत पर चर्चा की जाएगी।

# महिला अधिवक्ताओं को किया कार्यकारिणी में शामिल

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय अभिभाषक संघ की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार व राजस्थान हाई कोर्ट के आदेश पर अभिभाषक संघ की कार्यकारिणी में महिला अधिवक्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए चर्चा की गई। उपाध्यक्ष एडवोकेट प्रदीप कठातला ने बताया कि अध्यक्ष सूरजमल यादव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में संतोष सोनी एडवोकेट को संघ का प्रवक्ता, एडवोकेट विमल गोदारा को खेल मंत्री, बसंती खेतान को अभिभाषक संघ का सांस्कृतिक सचिव, मधु चोबदार को सह कोषाध्यक्ष पद पर नियुक्ति सर्वसम्मति से दी गई।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर भाजपा की पत्रकार वार्ता आयोजित

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** भाजपा की ओर से नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर रविवार को सर्किट हाउस में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। इसमें नागौर देहात भाजपा जिलाध्यक्ष एड सुनिता रांदड़, पूर्व विधायक राजकुमारी शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता इंद्रा चौधरी सहित महिलाओं की भागीदारी रही। पत्रकार वार्ता में बोलते हुए नागौर देहात भाजपा जिलाध्यक्ष एड. सुनिता रांदड़ ने कहा कि भारत की आधी आबादी नारी शक्ति जिन अधिकारों से वर्षों से वंचित रही थी वह अधिकार महिलाओं को देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नारी शक्ति वंदन अधिनियम ला रहे हैं। इसके लिए संसद में तीन दिन का विशेष सत्र बुलाया जाएगा जिसमें यह विधेयक पारित कराया जाएगा। कहा कि भारत वह देश है, जिसमें नारी की पूजा की जाती है। भाजपा सरकार में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मबल को लेकर निरंतर कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को देश की संसद व विधानसभा में प्रतिनिधित्व देने के लिए अधिनियम लाया जा रहा है। इससे महिलाएं अधिक सशक्त, मजबूत व सबल होगी। कहा कि पिछली सरकारों में महिलाओं को उनके अधिकारों से वंचित रखा, उनका शोषण किया गया।

वहीं भाजपा सरकारें महिलाओं की सुरक्षा करते हुए उनको मजबूती प्रदान कर रही है। कहा कि भाजपा की सरकार से पहले कांग्रेस सरकार में महिलाओं पर अत्याचार निरंतर बढ़ रहे थे। भाजपा सरकार में उन पर लगाम लग रही है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम लोकसभा, राज्यसभा व विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटों का आरक्षण सुनिश्चित करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार का यह ऐतिहासिक कदम केवल भारतीय महिलाओं के लिए ही नहीं बल्कि पूरे भारत के लिए एक ऐतिहासिक कदम होगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण का मुद्दा केवल समानता या प्रतिनिधित्व तक सीमित नहीं है। महिलाएं किसी भी क्षेत्र में नेतृत्व करती है तो उसके वैश्विक परिणाम भी सामने आते हैं। कहा कि अब केवल विमर्श केवल महिलाओं को सशक्त बनाने तक सीमित नहीं रहा, बल्कि महिलाओं के माध्यम से समाज और राष्ट्र को सशक्त बनाने पर केंद्रीत हो गया है। इस दौरान जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़, पूर्व विधायक राजकुमारी शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता इंद्रा चौधरी, सुमित्रा सैनी, डॉ. अर्चना पुरोहित, सुमन वर्मा, उमा सैनी, अनुराधा, स्नेहा सैनी, भंवरी खोखर, शारदा काबरा, सरिता शर्मा, राजेश रोलन, रामावतार रूंथला, पूर्णमल गुर्जर आदि मौजूद रहे।

# अस्पताल में किया बेबी किट का वितरण



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय महावीर इंटरनेशनल केंद्र के द्वारा फतेहपुरिया मातृ शिशु कल्याण हॉस्पिटल में बेबी किट का वितरण किया गया। तोदी गार्डन में एक साधारण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें अध्यक्ष वीर पवन तोदी ने आगामी प्रोजेक्ट को लेकर विचार प्रकट किए। कार्यक्रम में वीर निरंजन सोनी एडवोकेट, वीर विजय खेतान, वीर कपिल देव माटा, वीर भंवरलाल शर्मा, वीर कमल गोयतान एडवोकेट, नोरतन मल शर्मा, मंगलाराम हाकला आदि सदस्य मौजूद रहे। बैठक के बाद फतेहपुरिया हॉस्पिटल में 50 बेबी किट का वितरण किया गया। संचालन कपिल देव माटा ने किया।

# नि:शुल्क नैत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर के पोस्टर का विमोचन




निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** द यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ द्वारा आगामी 19 अप्रैल को स्व. प्रतापसिंह सिंघी की स्मृति में उनकी धर्म पत्नी कमला देवी सिंघी के सौजन्य से नि:शुल्क नैत्र जांच व लेंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित किया जायेगा। क्लब के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा ने बताया कि उक्त शिविर में प्रख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अपूर्व कोटिया द्वारा नेत्र रोगियों की नि:शुल्क जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया जाएगा तथा ऑपरेशन लायक रोगियों का चयन किया जाएगा। चयनित नेत्र रोगियों के नि:शुल्क नेत्र लेंस प्रत्यारोपण डॉ. अपूर्व कोटिया द्वारा डॉ मोहन जैन आई हॉस्पिटल सुजानगढ़ में किए जाएंगे। रविवार को द यंग्स क्लब ट्रस्ट सभागार में शिविर के पोस्टर, पैंपलेट व प्रचार सामग्री का विमोचन किया गया। इस अवसर पर डॉ. एस के छाबड़ा, एडवोकेट निरंजन सोनी, डॉ. एस एन बजाज, हेमराज नाहटा, क्लब प्रतिनिधि दानमल शर्मा, मुन्नालाल प्रजापत, निर्मल बोकडिया, हाजी मोहम्मद, गिरधर शर्मा, योगेंद्र भोजक, कुणाल सोनी उपस्थित रहे।

# स्वच्छता के साथ जागरूकता-नशे के संकेतों के बीच चला अभियान

निसं



**नोखा ( नवयत्न )।** प्रात: निर्धारित समयानुसार 7 बजे हॉर फॉर नेशन टीम द्वारा पब्लिक पार्क स्थित भगवान श्री परशुराम सर्किल पर स्वच्छता अभियान चलाया गया।

शहर के मध्य स्थित होने के बावजूद यह स्थल लंबे समय से उपेक्षित रहा है, जहां नियमित सफाई व्यवस्था का अभाव स्पष्ट रूप से देखा गया। टीम के सदस्यों ने पूरे समर्पण और ऊर्जा के साथ कार्य करते हुए मात्र दो घंटों में सर्किल एवं उसके तालाब क्षेत्र की व्यापक सफाई की। अभियान के दौरान एक ट्रैक्टर-ट्रॉली भरकर प्लास्टिक एवं अन्य कचरा एकत्रित कर हटाया गया, जिससे पूरे क्षेत्र का स्वरूप बदला हुआ नजर आया। अभियान के दौरान यह भी देखने में आया कि स्थल पर आधुनिक प्रकार के नशे से संबंधित संदिग्ध उपकरण इलेक्ट्रॉनिक स्मोकिंग डिवाइस के संकेत मिले। जो सामाजिक चिंता का विषय है और इस दिशा में जागरूकता की आवश्यकता को दर्शाता है। आज के कार्यक्रम का एक प्रेरणादायक पहलू यह रहा कि प्राच्य विद्या संस्थान के निदेशक नितिन गोयल स्वयं उपस्थित होकर टीम का उत्साहवर्धन किया।

उन्होंने टीम सदस्यों का सम्मान करते हुए मोमेंटो भेंट किए तथा प्रत्येक रविवार इस अभियान से जुड़ने का संकल्प व्यक्त किया। आज के अभियान में भवानी सिंह राजपुरोहित, गुरमोहन सेठी, सीए सुधीश शर्मा, डॉ. बृजेन्द्र त्रिपाठी, डॉ. रेखा माथुर, सीए वसीम रजा, अरुण चम, शक्ति सिंह सेरूना, रामहंस मीना, डॉ. विशाल मलिक, दीपा सिंह, वंदना शर्मा, माणक व्यास, इन्द्र सिंह, कपिला शर्मा, बसंत, राकेश गुज्जर, डॉ. नितिन गोयल, डॉ. फारूक, मोहम्मद हसन, गजेंद्र सरीन एवं भाटिया जी उपस्थित रहे। हॉर फॉर नेशन टीम का यह अभियान केवल सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में जिम्मेदारी, जागरूकता और राष्ट्रभावना को सशक्त करने का एक सतत प्रयास है। हर सप्ताह कुछ समय राष्ट्र के नाम।

# दो दिवसीय रामामृतम् ध्यान शिविर व आरोग्यम् नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर संपन्न

निसं



**नोखा ( नवयत्न )।** परम पूज्य आचार्य भगवंत रामलाल म. सा. एवं उपाध्याय प्रवर राजेश मुनि म. सा. की आसीम अनुकम्पा से दो दिवसीय श्रामामृतम ध्यान शिविर का आयोजन पूज्य चरित्र आत्माओं के सानिध्य में किया गया। इस शिवीर में 13 वर्ष या उससे अधिक आयु के बालक, युवा एवं वरिष्ठ सुश्रावको ने भाग लिया। नोखा, नोखा गाँव, जोरावरपुरा और बाहर से पधारे हुए समस्त सुश्रावकों ने इस ध्यान शिविर का लाभ लिया। ध्यान के माध्यम से जीवन में आने वाली समस्याओं का सामना करना शिविर में सिखाया गया। शिविर के दौरान उपाध्याय प्रवर, हर्षित मुनि म. सा. रामयश मुनि म. सा. ने ध्यान के सभी चरण संपन्न करवाए। शिविर में लगभग 200 श्रावको नें भाग लेकर अपने जीवन को उन्नत बनाने की कला को सीखी। समता युवा संघ द्वारा आज आरोग्यम् नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन हुक्म नानेश भवन में किया गया जिसमें लगभग 35 लोगो की जांच की गयी। शिविर के दौरान सुगर, ब्लड प्रेशर, पल्स, वजन इत्यादि जांचे की गई। धर्मेंद्र जी तिवारी ने जाँच शिविर में अपना अमुल्य योगदान प्रदान किया। समता युवा संघ के सभी सदस्य अध्यक्ष जितेंद्र गोलछा, मंत्री वीरेंद्र बैद, कोषाध्यक्ष मनीष कांकरिया, अविनाश कांकरिया, जितेंद्र कांकरिया, विनीत मरोठी, विनीत भूरा, अरिहंत मरोठी सहित सभी युवाओ ने कार्यक्रम की सभी व्यवस्था को सुचारू बनाने में भरपूर सहयोग दिया।

# काछ्वाल को किया जयपुर में सम्मानित



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** आरएससीआईटी ज्ञान केंद्रों के जिला स्तरीय कार्यक्रम में श्रीश्याम कंप्यूटर सेंटर सुजानगढ़ को उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया गया। एसएलवी के निदेशक ओपी पुरोहित, आरकेसीएल की ओर से मैनेजिंग डायरेक्टर रविन्द्र शुक्ला, रीजनल मैनेजर नरेंद्र धायल विक्की काछवाल, विश्वदीपक काछवाल को सम्मानित किया। कार्यक्रम जयपुर की खासा कोठी होटल में हुआ।

## पति के मौत के 12 दिन तक खूब रोई पत्नी, तेरहवीं होते ही भांजे संग भाग गई

### पत्नी ने अपने पति को शराब में जहर पिलाया

निसं

**धौलपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान के धौलपुर जिले से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसने रिश्तों और विश्वास को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। यहां एक महिला पर अपने ही पति की हत्या कर भांजे के साथ फरार होने का आरोप लगा है। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए महिला और उसके भांजे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, महिला के पति की करीब 12 दिन पहले संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। शुरुआत में इसे सामान्य मौत माना गया, लेकिन परिजनों को महिला के व्यवहार पर संदेह होने लगा। बताया जा रहा है कि पति की मौत के बाद महिला ने 12 दिनों तक शोक जताया और तेरहवीं तक सभी रस्में भी निभाई। लेकिन तेरहवीं के तुरंत बाद ही महिला अपने भांजे के साथ अचानक गायब हो गई।

इस घटना से गांव में हड़कंप मच गया और परिजनों का शक गहरा गया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद जांच शुरू की गई। जांच के दौरान सामने आया कि महिला का अपने भांजे के साथ पहले से ही प्रेम संबंध था। आरोप है कि इसी संबंध के चलते महिला ने साजिश रचकर अपने पति को शराब में जहर मिलाकर पिला दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और पूछताछ के आधार पर महिला और उसके भांजे को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दोनों ने हत्या की साजिश कबूल कर ली है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ हत्या सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। ग्रामीणों में इस घटना को लेकर आक्रोश और हैरानी दोनों देखने को मिल रहे हैं। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है और अन्य संभावित पहलुओं को भी खंगाला जा रहा है।

# जनसभा को लेकर भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने गांवों में किया जनसंपर्क

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के जन्मदिन व जनरल लेफ्टिनेंट पद्मभूषण सगतसिंह की प्रतिमा अनावरण के अवसर पर 22 अप्रेल को चूरू में होने वाले शौर्य दिवस व विशाल जनसभा को लेकर भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का जनसम्पर्क जारी है। भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने रविवार को रविवार को तारानगर विधानसभा के गोगटिया पट्टा चंगोई, करणपुरा बालिया, इनदासी, ढाना भाकरान, सातमील, बुचावास, तोगावास लखनवास, भालेरी रेताना, गलगटी, मदावास, कोहिना, वास सारायन, सारायन, पुनरास थेलाना, गाजुवास, गडाना, चुनाराम की ढाणी, गोडास, ढाणी आशा, आनंदसिंहपुरा, ढाणी खिचड़ान, खरतवासिया, गोगटिया बागावतान आदि गांवों का दौरा किया व ग्रामवासियों से अधिकाधिक संख्या में चूरू पहुंचने की अपील की। इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री चन्द्राराम गुरी, भाजपा नेता राकेश जांगिड़, भाजपा नेता रतन राठौड़, डॉ. महेश शर्मा, नरेश सहारण, अजीत राठौड़, अनूप खण्डेलवाल, भंवरलाल दादरवाल, लीलाधर बागोरिया, सूर्यप्रकाश ढाका, मदन गुरी, साबिर, चिरंजीलाल भारद्वाज, राजेन्द्र जोइया, कृष्ण मेघवाल, निर्मलनाथ योगी, मनोज व्यास, रमेश पारीक, भंवर लाल मेघवाल, मनफूल सिंह बागोड़, हेतराम प्रजापत, नंदू पटीर, मेनपाल राहड़, भगवती प्रसाद शर्मा, विक्रम सिंह राठौड़, वकील नरेंद्र शर्मा, शंकर मित्तल सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# केसीसी टाउनशीप की एक चोरी का हुआ खुलाशा, आरोपी की निशानदेही पर चोरी का मंगलसुत्र किया बरामद

निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** केसीसी टाउनशीप के आवासिय क्वार्टरों में रात्री के समय घरों में घुस कर चोरी करने के आरोपी को पुलिस गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी का एक मंगलसुत्र बरामद करने में कामयाब हुई। आरोपी को पुलिस ने प्रोडेक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया। थानाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि 26 जनवरी को ढाणी बोरावाला कुंआ तन गोठड़ा हाल क्वार्टर नंबर-179 3तक खेतडी नगर निवासी मनीराम सैनी पुत्र पुरणमल माली ने रिपोर्ट दी कि रात्री के समय अज्ञात व्यक्ति द्वारा मकान का ताला तोडकर सोने चांदी के जेवरात चोरी करने का मामला दर्ज करवाया था। थानाधिकारी ने बताया कि केसीसी टाउनशीप के आवासिय क्वार्टरों में से चोरी करने के एक आरोपी नारनौल हाल खेतड़ी नगर निवासी राहुल सैनी को पूर्व में भी गिरफ्तार किया था, जिसके कब्जे से चोरी का माल बरामद भी किया था।

# सड़कों पर साड़ी में महिलाओं ने लगाई दौड़



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** परंपराए फिटनेस और महिला सशक्तिकरण के अनूठे संगम मरुधरा रन इन साड़ी-सीजन 2 का आयोजन शहर में उत्साहपूर्वक किया गया। रविवार की सुबह 5 बजे शुरू हुए इस विशेष कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने साड़ी पहनकर भाग लिया और आत्मविश्वास, ऊर्जा तथा सांस्कृतिक गौरव का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। रन का फ्लैग ऑफरिद्धि सिद्धि मंडल की अध्यक्ष एवं भाजपा नेता दीपा नाथावत ने किया। इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष सुनील गौड़, महामंत्री महेंद्र बागड़ी, मंत्री पुष्पेंद्र राजावत, रूवि डिजिटल के डायरेक्टर आलोक शर्मा, मिस राजस्थान 2025 विजेता ट्विंकल पुरोहित तथा मिस सेलेस्ट 2025 विजेता अदिति शर्मा सहित कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। आयोजन में 3 किलोमीटर फन रन और 5 किलोमीटर रन की श्रेणियां रखी गईं, जिनमें प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया। साड़ी जैसे पारंपरिक परिधान में दौड़ते हुए महिलाओं ने यह संदेश दिया कि परंपरा और फिटनेस एक साथ आगे बढ़ सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान उत्साह, उमंग और सकारात्मक ऊर्जा का माहौल रहा। हर आयु वर्ग की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेकर नारी शक्ति के आत्मविश्वास और सामर्थ्य का परिचय दिया। अंत में प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया और जुम्बा डांस के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। आयोजन समिति एवं कल्पतरु शिक्षा समिति के सदस्य पंकज जांगिड़ सहित सभी सदस्यों ने भविष्य में भी इस तरह के आयोजनों के माध्यम से महिलाओं को प्रोत्साहित करने का संकल्प लिया।

# अंजुमन मिलन समारोह का भव्य समापन

## आपसी सौहार्द का प्रतीक बना खिलाड़ी सम्मेलन



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** स्थानीय अंजुमन क्रिकेट क्लब, लाडनूं के तत्वावधान में शहर के रोडा भवन में दो दिवसीय अंजुमन मिलन समारोह 2026 का भव्य आयोजन हुआ। शनिवार से शुरू हुए खिलाड़ी सम्मेलन का रविवार को भव्य समारोह के साथ समापन हुआ। इस आयोजन को लेकर शहर के क्रिकेट प्रेमियों और खिलाड़ियों में खासा उत्साह नजर आया। कार्यक्रम संरक्षक मो. उमर बड़गुजर एवं टीम कप्तान अब्दुल हमीद मुगल ने बताया कि इस समारोह का मुख्य उद्देश्य अंजुमन क्रिकेट क्लब से जुड़े खिलाड़ियों और सदस्यों के योगदान को सम्मानित करना तथा आपसी भाईचारे और खेल भावना को मजबूत करना है। समारोह के दौरान क्लब के उन सभी सदस्यों को जिन्होंने वर्षों तक क्रिकेट क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया उन सभी को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों के समर्पण, खेल के प्रति जुनून के लिए उन्हें इस सम्मान से नवाजा गया। दो दिवसीय इस आयोजन में विभिन्न खेल गतिविधियों, सम्मान समारोह और आपसी संवाद के विशेष सत्र आयोजित किए गए। एलसीसी टीम कप्तान अशोक बेद ने बताया कि यह आयोजन पुराने और नए खिलाड़ियों के बीच अनुभव साझा करने का एक महत्वपूर्ण मंच बना जिसमें शामिल होकर सभी ने अपना बचपन फिर से जीने का प्रयास किया। इस कार्यक्रम में शहर काजी सैयद मोहम्मद मदनी, समाजसेवी हनुमान मल जांगिड़, सुशील पीपलवा, मेड़तिया सिलावट समाज अध्यक्ष जान मोहम्मद बल्खी, नेताजी अयूब खान मोयल, विमल कठोतिया, पारस नाहटा, सुमित जांगिड़, विजय बैद, रफीक भाटी, संजय पांडे, शबीर खान लाडवान, यूसुफ भाटी सहित देश भर से अंजुमन क्लब से जुड़े खिलाड़ी और खेल प्रेमी शामिल रहे।

# ज्वेलरी दुकान से 45 लाख की चोरी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सदर थाना क्षेत्र में रविवार तड़के एक ज्वेलरी दुकान में बड़ी चोरी की वारदात सामने आई है। चोरों ने दुकान का चैनल गेट तोड़कर अंदर प्रवेश किया और करीब 18 किलो चांदी व 7 ग्राम सोने के गहने चोरी कर ले गए। चोरी गए सामान की कीमत करीब 45 लाख रुपए आंकी गई है। सहायक पुलिस आयुक्त सदर धर्मवीर सिंह ने बताया कि चांदपोल बाजार निवासी बलराम सोनी 46 की खासाकोठी पुलिया के पास विनायक ज्वेलर्स नाम से दुकान है। शनिवार रात वह रोज की तरह दुकान बंद कर घर चले गए थे। देर रात बदमाशों ने दुकान को निशाना बनाया और पीछे लगे चैनल गेट को तोड़कर अंदर घुस गए। चोरों ने दुकान में रखी तिजोरी को तोड़ने का प्रयास किया, लेकिन असफल रहने पर काउंटर और शोकेस में रखे चांदी और सोने के गहनों को कपड़े के बैग में भरकर फरार हो गए।

# ब्राह्मण गौरव सम्मान समारोह में 76 प्रतिभाएं हुई सम्मानित

संजय सोनी




**झुंझुनू ( नवयत्न )।** विप्र फाउंडेशन के तत्वावधान में स्थानीय पीरु सिंह सर्किल स्थित खाना खजाना रेस्टोरेंट सभागार में रविवार को आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में सत्र 2026 में कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले ब्राह्मण समाज के 76 होनहार मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए भाजपा संगठन के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने कहा कि ब्राह्मण सभी वर्गों और समाजों को साथ में लेकर चलने वाला समाज है। ब्राह्मण समाज में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। उन प्रतिभाओं को उनकी योग्यता और अभिरुचि के अनुसार अवसर मिलना चाहिए। विप्र फाउंडेशन का इस सम्मान समारोह के माध्यम से समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करना, उनका मनोबल बढ़ाना तथा शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा और जागरूकता को बढ़ावा देना है। अति विशिष्ट अतिथि मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अशोक शर्मा ने कहा कि समाज द्वारा आयोजित इस प्रकार के सम्मान समारोह से विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा और आत्मविश्वास बढ़ता है जिससे वे सफलता और लक्ष्य तक पहुंचते है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विप्र फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष कमलकांत शर्मा ने कहा कि ऐसे प्रतिभा सम्मान समारोह से प्रतिभाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। विप्र फाउंडेशन लगातार ब्राह्मण समाज के उत्थान एव सम्मान के लिए समर्पित है। इनके अलावा मंच पर अतिथि के रूप में वि फा संरक्षक राजेंद्र जोशी, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. आशा शर्मा, कार्यक्रम सह संयोजक राकेश सहल और दाधीच सेवा समिति के जिलाध्यक्ष रामनिवास दाधीच भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भगवान परशुराम एव माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। अतिथियों के स्वागत पश्चात स्वागत भाषण कार्यक्रम संयोजक उमाशंकर महमिया ने दिया और कार्यक्रम की प्रस्तावना और संगठन की गतिविधियों पर वि फा संगठन महामंत्री रामगोपाल महमिया ने प्रकाश डाला। धन्यवाद जिला मंत्री विकास पुरोहित ने दिया जबकि संचालन शिक्षाविद सत्यनारायण शर्मा ने किया। इस अवसर पर 10 वी और 12 वी कक्षा बोर्ड परीक्षा परिणाम में 90 प्रतिशत और उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाली 76 प्रतिभाओं को अतिथियों द्वारा माला, दुपट्टा, गोल्डमेडल, साफा, टीशर्ट पहनाकर और विफा का बैज व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज के पत्रकारो एव संस्था प्रधानों का भी सम्मान किया गया । इस अवसर पर श्यामसुन्दर दाधीच, रमेश चौमाल, मनोज दाधीच, विकास शर्मा, अशोक हिसारिया, एडवोकेट नीरज शर्मा, एडवोकेट अनुपम शर्मा, एडवोकेट सुशील जोशी, चंद्र प्रकाश शुक्ला, तहसील अध्यक्ष अनिल जोशी, शहर अध्यक्ष अमित पांडेय, चंद्र प्रकाश जोशी, राजवीर शर्मा, अनिल मिश्रा, राजकुमार सहल, राजदीप महर्षी, विफा महिला जिलाध्यक्ष ममता शर्मा, डॉ विद्या पुरोहित, पूनम शर्मा, डॉ भावना शर्मा, डॉ शशी मरोलिया, एडवोकेट अंजू शर्मा, सुमित्रा चौबे, अनीता महमिया, सुमन शर्मा, पुरुषोत्तम खाजपुरिया, सीए रवीन्द्र मरोलिया, अमृतलाल जोशी, अशोक जोशी, योगेश कलावतिया, संजय शर्मा, रामगोपाल शर्मा बी एम एस, अनीश बॉबी पुरोहित, गोपी पुरोहित, सहित सैकड़ो की संख्या में विप्रजन उपस्थित रहे।

# स्वर्णकार समिति के शिवकुमार अध्यक्ष विश्वनाथ सचिव किशोर सोनी कोषाध्यक्ष बने

## स्वर्णकार समाज सेवा समिति के वार्षिक चुनाव संपन्न


जयशंकर जांगिड़



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** स्वर्णकार समाज सेवा समिति की नई कार्यकारिणी के चुनाव 12 अप्रैल रविवार को नेपालियों के मंदिर परिसर में 2026-27 के लिए चुनाव अधिकारी एडवोकेट राम अवतार कड़ेल की उपस्थिति में संपन्न हुए। जिसमें सर्वसम्मति से शिवकुमार सोनी तुणगर को अध्यक्ष, विश्वनाथ सोनी तुणगर को सचीव एवं किशोर रोडा को सर्वसम्मति से कोषाध्यक्ष बनाया गया। चुनाव दिनांक 12 अप्रैल रविवार को दोपहर 3 बजे नेपालियों के मंदिर प्रांगण में निर्विरोध हुए। चुनाव अध्यक्ष, सचीव, एवं कोषाअध्यक्ष पद के किए गए। निर्वाचित पदाधिकारीयों को चुनाव अधिकारी द्वारा शपथ भी दिलाई गई। नव निर्वाचित अध्यक्ष द्वारा अपनी नई कार्यकारिणी का गठन कर शीघ्र ही घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रथम मीटिंग में घोषणा कर पूरी कार्यकारिणी को भी शपथ दिलाई जावेगी। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि समाज के उत्थान के लिए वे हमेशा कार्यरत रहेंगे । इस अवसर पर स्वर्णकार समाज के प्रबुद्ध जनों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारीयों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में चुनाव अधिकारी एडवोकेट रामअवतार सोनी डॉ. रामनिवास सोनी राजेंद्र डांवर, महेंद्र कड़ेल, गणेश सुनालिया, राजकुमार सुनालिया, विनोद रोडा, नटवर सोनी, आनंद सोनी, रणजीत कड़ेल, श्रवण रोडा, महावीर सुनालिया, संदीप कड़ेल, जोरीमल सोनी, अरविंद सोनी, विनोद सोनी, मनोज सोनी, आशीष सोनी, बाबूलाल डांवर, सोहनलाल सोनी, जितेंद्र सोनी, सहित बड़ी संख्या में स्वर्णकार बंधु मौजूद थे।

# मकान को सूना देख चोरों ने बनाया निशाना, गहने व नकद सामान किया पार

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी कस्बे के एक सूने मकान से चोरी की वारदात सामने आई है। इस संबंध में पीड़ित की ओर से थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला भी दर्ज करवाया गया है। थानाधिकारी मोहनलाल ने बताया कि कस्बे के वार्ड नंबर 10 निवासी विष्णु कुमार शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई की वह परिवार सहित 13 मार्च 2026 को मकान बंद करके जयपुर चला गया था। जयपुर में लगभग 26 दिन रहने के बाद भतीजे की मृत्यु हो जाने के कारण खेतड़ी आया। जब घर का मुख्य दरवाजा खोला तो अंदर चौक में जाने के बाद सारे कमरों के ताले टूटे हुए और सारे दरवाजे मकान के खुले थे। लोहे की अलमारी का लॉक तोड़ रखा था और संदूक को तोड़कर कपड़े बाहर गिराये हुए थे। इस दौरान जब घर में रखे सामान को संभाला तो घर से सोना चांदी के गहने व दो लाख रुपए गायब मिले। घर से अज्ञात चोर मकान को सूना देखकर चोर चोरी कर ले गए। इस दौरान उन्होने पुलिस से मामले की जल्द जानकारी जुटाकर आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। थानाधिकारी मोहनलाल ने बताया की मकान को सूना देखकर वारदात को अंजाम दिया गया है। पीड़ित की ओर से दी गई रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

मामले को लेकर संदिग्ध लोगों व आसपास के सीसीटीवी फुटेज से जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर वारदात का खुलासा किया जाएगा।

# 4 बीघा खेत में लगी आग-बिजली के तार से हुआ शॉर्ट सर्किट



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ तहसील के ग्राम मालसर के खेत में आज रविवार दोपहर 11 हजार केवी बिजली लाइन में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। ग्रामीण रामनिवास भूकर ने बताया-घटना में किसान बीरबलराम भूकर के खेत में खड़ी करीब चार बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। बताया कि आज दोपहर करीब 12 बजे खेत के ऊपर से गुजर रही हाई वोल्टेज लाइन में अचानक स्पार्किंग हुई। चिंगारी सूखी गेहूं की फसल पर गिरते ही आग तेजी से फैली और कुछ ही मिनटों में विकराल रूप ले लिया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने सूझबूझ दिखाते हुए ट्रैक्टर से खेत में घेरा फायर ब्रेक बनाकर आग को आगे बढ़ने से रोका। ग्रामीणों के त्वरित प्रयासों से आग पर काबू पा लिया गया, जिससे आसपास क्षेत्र बच गया। उन्होंने बताया कि आगजनी से हुए नुकसान के आकलन के लिए भानीपुरा तहसीलदार और संबंधित पटवारी को सूचित कर दिया गया है। उनके मौके पर पहुंचने के बाद नुकसान का सर्वे कर रिपोर्ट तैयार की जाएगी। आग बुझाने के प्रयासों में रंगाईसर के सुरेश सारण, राजू शर्मा, सुखवीर हरियाणा, मालसर के मनीराम भादू, डूंगरराम नायक, भंवरलाल भादू, दिनेश माली, चुन्नीलाल मेघवाल सहित कई ग्रामीणों ने सहयोग किया। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द सर्वे कराकर प्रभावित किसान को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जयंती के मौके पर स्वेच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया

निसं



**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** वार्ड न 12 स्थित सामुदायिक भवन में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जयंती एवं स्व गोरधन बेरवाल की प्रथम पुण्य तिथि के मौके पर स्वेच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर संयोजक प्रशांत आलडिया एवं संदीप बेरवाल ने बताया कि गुरुकृपा हॉस्पिटल की ब्लड बैंक टीम ने 76 यूनिट रक्त संग्रहण किया। रक्त दान करने वाले रक्तदाताओं का प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मान किया गया। 55 मरीजों की बीपी एवं शुगर की नि:शुल्क जांच की गई। स्वर्गीय गोवर्धन बेरवाल की स्मृति पर उनके पुत्रों की ओर से बनाई गई सामुदायिक भवन में ट्यूबवेल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर शिक्षाविद रामनिवास शास्त्री परसरामपुरा, निर्वतमान चेयरमैन मनीष चौधरी, तहसीलदार कमलेश चेजारा, अभियोजन विभाग सेवानिवृत्त परमेश्वर बेरवाल, पूर्व चेयरमैन सत्यनारायण सैनी, समाजसेवी पंडित आदित्य नारायण सुरोलिया, निर्वतमान पार्षद प्रमोद पचलँगिया, मीणा समाज के जिलाध्यक्ष दिलीप मीणा, डॉ जितेंद्र सैनी, डॉ महावीर, एडवोकेट राजेन्द्र बेरवाल, सीआई मनोज बेरवाल, एडवोकेट अरविंद बेरवाल, युशूफ़ रामप्रताप महरिया, गीगराज सैनी, जाकिर पठान, कजोड़मल बेरवाल, टिंकल, मुकेश, कैलाश विकाश, सतपाल, कमल अशोक, आयुष, शोयल पठान, आशा, सरोज, भंवरी देवी, ममता भारती, अभिलाषा, अलका, मनीषा सहित बड़ी से गणमान्य जन मौजूद रहे।

# चलती बाइक पर युवती से छेड़छाड़ करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मुहाना थाना क्षेत्र में चलती बाइक पर युवती से छेड़छाड़ के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पूछताछ में शराब पार्टी के बाद स्टंट का वीडियो बनाते समय युवती से अभद्रता करना कबूल किया है। पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में मनराज मीणा 24 व सुदामा मीणा 24 निवासी नगरफोर्ट टोंक, महेश बंजारा 19 निवासी नगरफोर्ट टोंक और लोकेश बंजारा 21 निवासी बांदीकुई दौसा शामिल हैं। मुख्य आरोपी मनराज मीणा के खिलाफ पूर्व में भी करीब आधा दर्जन मामले दर्ज हैं। आरोपियों को पकड़ने में हेड कॉन्स्टेबल लोकेश, भंवरलाल और कॉन्स्टेबल ओमप्रकाश की अहम भूमिका रही। थानाधिकारी गुर भूपेंद्र सिंह ने बताया कि 10 अप्रैल को घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसकी जांच साइबर टीम व एसीआरबी द्वारा की गई।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 : महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक पहल-संतोष अहलावत

निलेश मुदगल



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर सर्किट हाउस झुंझुनू में एक प्रेस वार्ता हुई मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित पूर्व सांसद संतोष अहलावत ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए बतायाए महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने और भारतीय लोकतंत्र को अधिक समावेशी बनाने की दिशा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक कदम है। इस अधिनियम के माध्यम से लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और दिल्ली विधानसभा में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटों का आरक्षण सुनिश्चित किया गया है। यह पहल केवल राजनीतिक प्रतिनिधित्व तक सीमित नहीं है, बल्कि देश के समग्र सामाजिक और आर्थिक विकास को गति देने का माध्यम भी है। विभिन्न अध्ययनों से यह स्पष्ट हुआ है कि जब महिलाओं की भागीदारी बढ़ती है, तो आर्थिक वृद्धि तेज होती है और नीतियां अधिक समावेशी एवं प्रभावी बनती हैं। पिछले वर्षों में महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां दर्ज की गई हैं। पीएम आवास योजना के तहत अधिकांश घर महिलाओं के नाम पर पंजीकृत हुए हैं, मुद्रा योजना के माध्यम से बड़ी संख्या में महिलाओं को वित्तीय सहायता मिली है क्षेत्रों में भी महिलाओं की भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। सरकारी योजनाओं जैसे उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन ने महिलाओं के जीवन स्तर में व्यापक सुधार किया है। इसके साथ ही मातृ मृत्यु दर में कमी और मातृत्व अवकाश में वृद्धि जैसे कदमों ने स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा को मजबूत किया है। राजनीतिक क्षेत्र में भी महिलाओं की भागीदारी निरंतर बढ़ रही है। हाल के चुनावों में महिलाओं की मतदान दर में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है और पंचायत स्तर पर उनका प्रतिनिधित्व लगभग 46 प्रतिशत तक पहुंच चुका है। हालांकि संसद और विधानसभाओं में उनकी भागीदारी अभी भी सीमित है, जिसे यह अधिनियम दूर करने की दिशा में एक ठोस प्रयास है। विशेषज्ञों का मानना है कि महिला नेतृत्व से नीतियों में सकारात्मक बदलाव आते हैं, जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य और जल प्रबंधन पर अधिक ध्यान, बेहतर जवाबदेही और प्रभावी शासन। यह अधिनियम देश में महिला-नेतृत्व वाले विकास मॉडल को प्रोत्साहित करेगा और विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक मील का पत्थर है। यह न केवल महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में सशक्त बनाएगा, बल्कि भारत के लोकतंत्र को अधिक मजबूत, संतुलित और समावेशी बनाएगा।

# सांसद ने ली कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय फतेहपुरिया गेस्ट हाउस में शहर व देहात ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें चूरू जिला सांसद राहुल कस्वां, चूरू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष और विधायक मनोज मेघवाल ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया। संगठन बढ़ाओ, संविधान बचाओ अभियान के तहत आयोजित बैठक में जिला प्रभारी दिनेश कस्वा, विकास स्वामी, रामजीलाल, पीसीसी सचिव रामरकण गुलेरिया मंचस्थ रहे, जिनका माल्यार्पण कर व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। बैठक में चूरू जिला सांसद राहुल कस्वां ने कहा कि पंचायत व निकाय चुनाव समय पर नहीं करवाये जा रहे हैं, जिससे साफ जाहिर है कि सरकार और उससे सम्बंधित लोग लोकतंत्र की किस प्रकार हत्या करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर तक कांग्रेस को मजबूत करना होगा और लोकतंत्र की रक्षा करनी होगी। इस अवसर पर विद्याधर बेनीवाल, नरपत गोदारा, जैसाराम प्रजापत, विजेंद्र सिंह, विकास, केसराराम गोदारा, मोहनलाल मेघवाल, रूपाराम, मनसुख गोदारा, विक्रम राणा, लूणाराम, हनुमान महिया, रामेश्वरलाल दुसाद, रमेश, लक्ष्मीनारायण, रामनारायण सारण, प्रेमसिंह भाटी, भवानीसिंह, मुकेश, रामचंद्र, सुरेद्र राव, तिलोकाराम दूधवाल, पन्नाराम, रामकरण सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। संचालन देहात ब्लॉक अध्यक्ष नरेंद्र बेनीवाल ने किया।

## सम्पादकीय

### 'सरेंडर' बनाम 'सुपरपावर'

## युद्ध के बीच सियासत, विदेश नीति से चुनाव तक किसका सच भारी

पक्ष का राग- भारत की विदेश नीति 'सरेंडर' यानी आत्मसमर्पण! तीन विपक्षी नेताओं का राग- भारत की विदेश नीति 'सही! सत्ता प्रवक्ता का राग- इनके लिए सब कुछ 'बेजान'! अर्थव्यवस्था बेजान! ये बेजान... वह बेजान... सब बेजान! 'प्रलय' आ चुका है, फिर भी बचे हैं, तो ये 'बेजान राग' गाने वाले बचे हैं। फिर एक दिन विपक्ष का राग- ट्रंप से बातचीत में 'मस्क' और 'मस्का'! जवाब में सत्ता पक्ष का राग- ट्रंप से बातचीत में 'न मस्क... न मस्का'! फिर एक दिन विपक्षी नेता जी का 'तू तड़ाक'- ट्रंप कहेगा कि कूदो, तो वह कूद जाएगा... ट्रंप कहेगा घुटने टेको, तो घुटने टेकेगा... क्योंकि उसके बारे में उनके पास बहुत कुछ है! एक चर्चक का कटाक्ष- इस भाषण से उनको कितने वोट मिल पाएंगे?

फिर विपक्ष के एक दल का अपने 'आंख के तारे' को राज्यसभा के नेता पद से हटाना। फिर एक नेता का 'गब्बर डायलाग' कि '(जो सत्ता से) डर गया, वो मर गया'! ये तो समोसे पिज्जा पर बोलते हैं, लेकिन सत्ता के खिलाफ बोलने से डरते हैं, 'कंप्रोमाइज्ड' हैं। हटाए गए नेता का जवाब- मैं दरिया हूं... वक्त आने पर सैलाब बनूंगा..! सभी को इंतजार है कि नेताजी अब बने सैलाब, लेकिन अब तक सिर्फ तालाब, कोई सैलाब नहीं।

इधर ये वाग्युद्ध जारी, उधर 'अमेरिका-इजराइल बरक्स ईरान' का 'बम-बम' जारी और 'धारणा युद्ध' जारी। ईरान का दावा कि अमेरिका के जेट हमने गिराए, एक 'ब्लैक हाक गिरा दिया' अमेरिकी जवाब कि हमने अपने पायलट छुड़ाए..! इस पर कुछ हिंदी चैनल 'लहालोट' होकर बोले कि देखा! अमेरिका अपने पायलटों को उठा भी ले गया, ईरान कुछ न कर सका... और अंकल सैम 'बम बम' कि अमेरिका की सेना दुनिया की सबसे ताकतवर सेना। साथ ही अंकल सैम के बेलगाम और आपत्तिजनक बोल की शृंखला।

एक एंकर- एकदम सड़क छाप भाषा। अंकल सैम 'नार्सीसिस्ट'। एक चर्चक ने कहा कि अंकल सैम ने तो अमेरिका की इज्जत का फलूदा बना दिया। फिर एक दिन अंकल सैम की चौबीस घंटे की चेतावनी कि या तो होर्मुज खोल दो, नहीं तो एक पूरी सभ्यता 'नेस्तनाबूद' हो जाएगी। मैं चाहता नहीं, लेकिन ये होगा। इस पर ईरान का जवाब आया कि हमारे इस्लामी लड़ाके तैयार... 'मानव शृंखला' बनाई..!

फिर एक खबर कि वार्ता जारी... फिर खबर कि कोई बातचीत नहीं...! फिर एक 'ब्रेकिंग खबर' कि युद्धविराम तो पाकिस्तान ने कराया, लेकिन दो-दो प्रस्ताव... एक अमेरिका का, दूसरा ईरान का। दोनों में फर्क... ईरानी प्रारूप में लेबनान शामिल... अमेरिकी प्रस्ताव में लेबनान बाहर। और खबर कि इजराइल ने लेबनान पर बम मारकर एक बड़ी इमारत उड़ाई, यानी युद्ध विराम के चिथड़े।

आहत दुनिया को थोड़ी राहत, फिर राहत भी आहत! ईरान का एलान कि होर्मुज से निकलने वाले प्रत्येक तेलवाहक जहाज से बीस लाख डालर फीस वसूली जाएगी। और इस पर 'अंकल सैम' की नई धमकी कि हमारी अंगुली अभी 'ट्रिगर' पर ही है..! फिर पाकिस्तान में अमेरिका-ईरान वार्ता की तैयारी, जिसमें इजराइल नहीं रहने वाला। और इजराइल बिना कैसा युद्धविराम? युद्धविराम को लेकर अमेरिका पर एक चैनल की चोट- 'बड़े बेआबरू होकर तेरे कूचे से हम निकले'। एक एंकर की लाइन- अंकल सैम का आत्मसमर्पण! कहां तो 'पाषाण युग' में भेज रहे थे, खुद कहां पहुंच गए।

## विशेष आलेख

# वोट के बदले खैरात या विकास की कीमत, चुनावी मौसम में 1 लाख करोड़ का सवाल




फिर आया चुनावों का मौसम सो फिर आया मौसम खैरात बांटने का। दूसरे नजरिए से देखा जाए, तो कह सकते हैं कि मौसम है वोटों को खरीदने का। हर चुनाव में ऐसा लगता है कि राजनेताओं की खैरात का बिल और लंबा होता जा रहा है और वोट के दाम महंगे होते जा रहे हैं। राजनीतिक दल पैसा अपना लगाते इस चुनावी रिश्वत पर, तो शायद एतराज मेरे जैसे लोग बिल्कुल नहीं करते, लेकिन यह पैसा जब बांटा जाता है उन राजनीतिक दलों द्वारा जिनकी सरकारें होती हैं किसी राज्य में, तो खैरात करदाताओं के पैसों से बंटती है, इसको मैं गलत भी मानती हूं और राष्ट्रविरोधी भी। यही कारण है कि मैं इसके बारे में तकरीबन हर चुनावी मौसम में लिखती हूं।

यह जो पैसा बांटा जाता है हर चुनाव से पहले, वह किसी जादुई पैसों के पेड़ से नहीं आता है। यह पैसा आता है राष्ट्र निर्माण की उन योजनाओं से जो देश में असली परिवर्तन ला सकती हैं। युद्ध के इस दौर में क्या केरल में खैरात पर सत्रह हजार करोड़ से लेकर पच्चीस हजार करोड़ रुपए खर्च करने चाहिए? असम में खैरात पर खैरात की कीमत एक हजार करोड़ रुपए से लेकर पंद्रह सौ करोड़ रुपए है। तमिलनाडु में पैंतीस हजार करोड़ रुपए से लेकर पचास हजार करोड़ रुपए खर्च जाने का अनुमान है।

ज्यादातर यह सारा पैसा जाता है महिलाओं को महीने का जेबखर्च देने पर, छात्रों को उनकी पढ़ाई के लिए और बसों में सफर मुफ्त करने पर। यानी इस पैसे से केवल उन लोगों को लाभ होता है जिनके बैंक खातों में यह जाता है। ऊपर से इतनी थोड़ी होती है यह रकम कि न इससे कोई कारोबार शुरू किया जा सकता है और न लाभार्थियों को कोई ठोस लाभ होता है।

इस युद्ध ने भारत में खास संकट इसलिए पैदा किया है कि अपने देश में ऊर्जा के तकरीबन सारे साधन हम आयात करते हैं। युद्धविराम अगर कायम नहीं रहता और युद्ध लंबा चलता है, तो विशेषज्ञों को चिंता है कि तेल-गैस के दाम और बढ़ जाएंगे और रुपए की कीमत घटती रहेगी। जिन तीन राज्यों की बात मैंने आज की है, उनका तमाम खैरात का हिसाब लगाया जाए, तो पचासी हजार करोड़ रुपए से लेकर एक लाख करोड़ रुपए से अधिक करदाताओं का पैसा जा रहा है ऐसी चीजों पर, जिनसे देश को कोई फायदा नहीं होता है। फायदा होता है सिर्फ राजनीतिक दलों का और वह भी सिर्फ एक चुनाव के लिए।

उधर है हमारा सबसे बड़ा दुश्मन चीन जो मौन रह कर देख रहा है युद्ध के नजारे। ईरान का तकरीबन नब्बे फीसद तेल चीन खरीदता है और होर्मुज जलमार्ग से अभी भी उसके टैंकर जा रहे हैं इसलिए कि ईरान से उसकी गहरी दोस्ती है, लेकिन युद्ध लंबा चलने से चीन को कोई खास तकलीफ नहीं होने वाली है। इसलिए कि विशेषज्ञों का अनुमान है कि चीन की बीस फीसद ऊर्जा अब आती है सूरज और वायु से। ऊपर से वह बिजली की गाड़ियों के निर्माण में भी सबसे आगे है। अनुमान है कि कुछ श्रेणियों में जितनी बिजली की गाड़ियां यूरोप, जापान और अमेरिका में बनती हैं, उससे ज्यादा बन कर निकलती हैं चीन के कारखानों से।

भारत क्यों इतना पीछे रह गया है उन क्षेत्रों में जहां बनते हैं प्रगति लाने के महत्त्वपूर्ण औजार? क्या इसलिए कि इस नवीकरणीय ऊर्जा पर बहुत खर्चा होता है। इतने पैसे हमारी सरकारों की तिजोरी में बचते नहीं हैं जब खैरात के बिल अदा कर चुके होते हैं? पिछले सप्ताह महाराष्ट्र के सरकारी ठेकेदारों ने हड़ताल पर जाने की धमकी दी इस वजह से कि सरकार उनके बिल अदा नहीं कर पा रही है।

महाराष्ट्र सरकार अपनी 'लाडली बहनों' को घर बैठे ही हर महीने पंद्रह सौ रुपए से ज्यादा देती है। इसका सालाना खर्चा करीब पचास हजार करोड़ बनता है। ऐसे में कहां से आएगा ठेकेदारों को देने के लिए पैसा? उनका कहना है कि महाराष्ट्र सरकार उनके कोई 96 हजार करोड़ रुपए देने से कतरा रही है पिछले कुछ सालों से जल जीवन मिशन और ग्रामीण विकास योजनाओं के निर्माण के लिए।

क्या बेहतर न होता अगर हमारे आला राजनेता तय करते कि खैरात पर खर्च कम कर विकास की असली योजनाओं पर निवेश किया जाए? मिसाल के तौर पर वायु और सूरज से ऊर्जा बनाने पर। इस तरह की बातें जब मैं करती हूं देश के आला अधिकारियों से, तो अक्सर जवाब देते हैं कि चीन की तुलना भारत से नहीं होनी चाहिए। एक लोकतांत्रिक देश की तुलना कैसे हो सकती है एक तानाशाही देश के साथ? तानाशाही के फायदे हैं ऐसे मामलों में जरूर, लेकिन मेरा मानना है कि हमारी नीतियां भी इतनी गलत रही हैं कि चीन विकास की दौड़ में हमसे इतना आगे भाग चुका है कि अर्थशास्त्री मानते हैं कि वह भारत से पचास साल आगे है।

चीन हमसे आगे कई क्षेत्रों में है जैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता। मेरा मानना है कि विकास, तकनीक और आधुनिकता की दौड़ में भारत पीछे रह गया है कुछ इसलिए कि हमारे देश में चुनावों का मौसम हर साल आता है और कुछ इसलिए कि हमारे अर्थशास्त्रियों ने सरकारों को गलत चीजों पर पैसा खर्च करने से कभी नहीं रोका है। न ही हम मीडिया वालों ने ठीक से चौकीदारी की है, वरना बहुत पहले हमको सरकारों को सावधान कर देना चाहिए था कि हमारा पैसा वोट खरीदने पर न बर्बाद किया जाए।

अब जब अच्छे दिनों का मौसम सारी दुनिया से गायब होता दिख रहा है, तो क्या यह सही समय नहीं है कि प्रधानमंत्री चुनाव प्रचार से थोड़ी फुर्सत निकाल कर अपने आला अधिकारियों से मिल कर पूछें कि चीन क्यों इतना आगे बढ़ गया है। यहां याद रखना यह भी जरूरी है कि 1990 तक चीन और भारत विकसित होने की इस दौड़ में बराबर चल रहे थे।

## आज का राशिफल

### मेष
घर-बाहर तनाव रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। जल्दबाजी न करें। नई योजना बनेगी। नए अनुबंध होंगे। किसी मामले में कटु अनुभव मिल सकते हैं। सरकारी, कानूनी विवाद सुलझेंगे। जोखिम, लोभ, लालच से बचें। नया काम, व्यवसाय आदि की बात बनेगी।

### वृष
रोजगार मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। विवाद न करें। नौकरी करने वालों को ऐच्छिक स्थानांतरण एवं पदोन्नति मिलने की संभावना है। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा।

### मिथुन
शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। भागदौड़ रहेगी। घर-परिवार का सहयोग प्राप्त होगा। राजकीय सहयोग मिलेगा। कार्यकुशलता सहयोग से लाभान्वित होंगे। काम में मन लगेगा। स्वयं का सोच अनुकूल रहेगा। रिश्तेदारों से संबंधों की मर्यादा बनाए रखें। अच्छी व सुखद स्थितियाँ निर्मित होंगी।

### कर्क
चोट व रोग से बाधा संभव है। बेचैनी रहेगी। भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। रोजगार मिलेगा। संतान के स्वास्थ्य में सुधार होगा। सोचे कामों में मनचाही सफलता मिलेगी। व्यापारिक निर्णय समय पर लेना होंगे। विरोधी आपकी छवि खराब करने का प्रयास कर सकते हैं।

### सिंह
पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग को सफलता मिलेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। नए कार्यों, योजनाओं की चर्चा होगी। लाभदायी समाचार आएँगे। समाज में आपके कार्यों की प्रशंसा होगी। साहस, पराक्रम बढ़ेगा। विश्वासप्रद माहौल रहेगा।

### कन्या
पुराना रोग उभर सकता है। भागदौड़ रहेगी। दु:खद समाचार मिल सकता है। धैर्य रखें। अस्वस्थता बनी रहेगी। खुद के प्रयत्नों से ही जनप्रियता एवं सम्मान मिलेगा। रोजगार के क्षेत्र में संभावनाएँ बढ़ेंगी। स्थायी संपत्ति संबंधी खटपट हो सकती है। पुरानी बीमारी उभर सकती है।

### तुला
प्रयास सफल रहेंगे। प्रशंसा प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। लाभ होगा। व्यवसाय अच्छा चलेगा। कार्य क्षेत्र में नई योजनाओं से लाभ होगा। लगन, मेहनत का उचित फल मिल सकेगा। क्रोध एवं उत्तेजना पर संयम रखें। विवाद सुलझेंगे।

### वृश्चिक
चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। पुराना रोग उभर सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। परिवार की स्थिति अच्छी रहेगी। रचनात्मक काम करेंगे। कर्मचारियों पर निगाह रखें। परिवार की समस्या का उचित समाधान होगा। लाभ होगा। परिश्रम का पूरा परिणाम मिलेगा।

### धनु
विवाद से क्लेश होगा। शारीरिक कष्ट संभव है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। आपसी मतभेद, मनमुटाव बढ़ेगा। किसी से मदद की उम्मीद नहीं रहेगी। आर्थिक समस्या बनी रहेगी। व्यसनाधीनता से बचें। व्यापार, रोजगार मध्यम रहेगा।

### मकर
पुराने संगी-साथियों से मुलाकात होगी। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ होगा। परिश्रम का पूरा परिणाम मिलेगा। अच्छी व सुखद स्थितियाँ निर्मित होंगी। विरोधी आपकी छवि खराब करने का प्रयास कर सकते हैं। व्यावसायिक सफलता से मनोबल बढ़ेगा।

### कुंभ
धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। कानूनी बाधा दूर होकर लाभ होगा। पूँजी निवेश बढ़ेगा। पहले किए गए कार्यों का लाभदायी फल आज मिल सकेगा। संतान के कामों से खुशी होगी। पुराने संगी-साथियों से मुलाकात होगी।

### मीन
फालतू खर्च होगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। नवीन मुलाकातों से लाभ होगा। आमदनी बढ़ेगी। रुका धन मिलने से निवेश में वृद्धि होने के योग हैं। उदर संबंधी विकार हो सकते हैं। व्यापार-व्यवसाय में तरक्की होगी।

## स्वास्थ्य समाचार

# बर्फ वाला पानी पीने से सेहत को हो सकते हैं यह नुकसान

गर्मी का मौसम शुरू होते ही लोग ठंडी चीजों का सेवन करने लगते हैं। चिलचिलाती धूप से घर वापस आने के बाद लोग तरह-तरह की ड्रिंक्स पीते हैं। जिसमें ठंडा पानी, लस्सी, छाछ, जूस, नारियल पानी, आम पन्ना आदि शामिल हैं। गर्मियों में प्यास बुझाने के लिए लोग फ्रिज का ठंडा पानी पसंद करते हैं। ठंडा पानी पीने से शरीर को तुरंत ठंडक मिलती है और शरीर में ताजगी आती है। गर्मियों में शरीर को हाइड्रेटेड रखने के लिए दिन में कम से कम 8-10 गिलास पानी का सेवन करना चाहिए। लेकिन आपने अक्सर कुछ लोगों को बर्फ वाला पानी पीते देखा होगा। कुछ लोग फ्रिज से एकदम चिल्ड पानी निकालकर पीने लगते हैं या पानी में बर्फ डालकर पीते हैं। गर्मी में ठंडा पानी पीने में भला ही बहुत अच्छा लगता हो, लेकिन यह आपकी सेहत के लिए बहुत नुकसानदायक साबित हो सकता है। इससे आपको कई तरह की गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।



### पाचन को नुकसान पहुंचता है

बर्फ वाला पानी पीने से आपको पाचन से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। दरअसल, ठंडे पानी को पचने में बहुत अधिक समय लगता है। यह भोजन की पाचन क्रिया में बाधा उत्पन्न करता है। अगर खाना खाते समय आप ठंडे पानी का सेवन करते हैं, तो इससे शरीर खाना पचाने की जगह उस ऊर्जा का इस्तेमाल पानी के तापमान को सामान्य करने में लगा देता है। इसलिए कभी भी खाना खाते समय ठंडा पानी नहीं पीना चाहिए।

### गले से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं

बर्फ वाला पानी पीने से शरीर में ज्यादा मात्रा में बलगम बनने लगता है। इससे गले में खराश, कफ, सर्दी- जुकाम और गले में सूजन जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। जिन लोगों को सांस संबंधी परेशानी हो, उन्हें बर्फ का पानी पीने से परहेज करना चाहिए।

### सिरदर्द

धूप से आकर बर्फ वाला पानी पीने से सिरदर्द की समस्या हो सकती है। दरअसल, ठंडा पानी पीने से स्पाइन की नर्व्स को ठंडक पहुंचती है, जिसका प्रभाव दिमाग पर पड़ता है। इसकी वजह से सिर में दर्द होने लगता है। जो लोग साइनस की समस्या से ग्रसित हैं, उन्हें भूलकर भी बर्फ वाले पानी का सेवन नहीं करना चाहिए। इससे उनकी स्थिति गंभीर हो सकती है।

### बवासीर हो सकता है

अगर आप लंबे समय तक बर्फ वाला पानी पीते रहते हैं, इससे बवासीर यानी पाइल्स की समस्या हो सकती है। दरअसल, बहुत अधिक ठंड में चीजें जमने लगती हैं। ठीक इसी तरह, बर्फ वाला पानी पीने से मल सख्त हो जाता है, जिससे बवासीर की समस्या हो सकती है। बहुत अधिक ठंडा पानी पीने से आंत में घाव भी बन सकते हैं। इसकी वजह से आपको मल में खून और पेट में दर्द जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

## घर पर आसानी से बनाएं मैंगो आइसक्रीम स्वाद ऐसा कि उंगलियां चाट जाएंगे लोग

गर्मियों के मौसम में आइसक्रीम खाने का अलग ही मजा होता है। बता दें कि गर्मी में आम से बनी आइसक्रीम खाना काफी पसंद किया जाता है। क्योंकि गर्मी में बाजार में आम की बहार आने लगती है। लेकिन गर्मी का पारा जैसे-जैसे बढ़ता है तो शरीर में ठंडक घोलने वाली चीजें खाने की मांग बढ़ जाती है। आइसक्रीम भी गर्मियों में सबसे ज्यादा खाया जाता है। लेकिन अगर आप आम और आइसक्रीम का मजा एक साथ लेना चाहती हैं। तो आप घर पर मैंगो आइसक्रीम ट्राई कर सकती हैं। बता दें कि बच्चों से लेकर बड़ों तक को मैंगो आइसक्रीम का स्वाद बेहद पसंद आएगा। ऐसे में अगर आप घर पर मैंगो आइसक्रीम बनाना चाहती हैं तो इसे बनाने की विधि काफी आसान है। इसके लिए आप सबसे पहले अच्छे आमों का चयन कर लें। इसे आप घर पर आसानी से बनाकर तैयार कर सकती हैं।

**ऐसे बनाएं मैंगो आइसक्रीम :** गर्मी के मौसम में मैंगो आइसक्रीम न सिर्फ आपके मुंह का जायका बदलती हैं, बल्कि शरीर में भी ठंडक घोलने का काम करती है। मैंगो आइसक्रीम बनाने के लिए सबसे पहले अच्छी क्ववालिटी वाले आम लें। अब इन्हें धोकर टुकड़ों में काट लें। फिर मिक्सर में आम के टुकड़ों और चीनी को सॉफ्ट होने तक पीस लें। मिश्रण को एक बाउल में निकालकर उसमें दूध, कंडेन्स्ड मिल्क और चीनी डालकर अच्छे से मिलाएं। जब सारी चीजें अच्छे से मिक्स हो जाएं तो एक एल्यूमिनियम के कंटेनर में इस मिश्रण को डाल दें। अब कंटेनर को पन्नी से कवर कर 6-7 घंटे के लिए फ्रिज में रख दें। इस दौरान यह मिश्रण आधा सैट हो जाएगा। फिर इसे फ्रिज से निकालकर दोबारा मिश्रण को सॉफ्ट होने तक पीसें। जब सारा मिश्रण दोबारा पिस जाए तो इसे फिर से कंटेनर में डालकर पन्नी से कवर कर दें। इस बार इसे फ्रिज में 10-12 घंटे के लिए रख दें। इस तरह से आइसक्रीम अच्छे से सेट हो जाएगी। जब यह हार्ड हो जाए तो सर्विंग बाउल में स्कूप कर आइसक्रीम निकाल लें।



# घर में बनाएं यह एलोवेरा हेयर मास्क, बालों की कई समस्याओं से छुटकारा मिलेगा

हर व्यक्ति किसी न किसी तरह की हेयर प्रॉब्लम से परेशान रहता है। किसी को हेयर फॉल होता है, तो किसी को डैंड्रफ की प्रॉब्लम होती है। वहीं, कुछ लोग बालों के रूखेपन की समस्या से ग्रस्त हैं, तो कुछ लोगों स्प्लिट एंट से परेशान हैं। जाहिर है, हर कोई इस तरह की समस्या से राहत पाना चाहता है। लेकिन, अक्सर लोगों इसलिए परेशान रहते हैं, क्योंकि बालों से जुड़ी हर तरह की समस्या के लिए अलग-अलग समाधान होते हैं। आज हम आपके लिए बालों सात तरह की अलग-अलग समस्याओं के लिए एक समाधान लाए हैं। यह है, एलोवेरा। यह एक बेहतरीन घरेलू उपाय के तौर पर जाना जाता है। एलो वेरा विटामिन, फोलिक एसिड, एंजाइम और मिनरल्स से भरपूर है।

### एलोवेरा हेयर मास्क फ्रीजी बालों के लिए

एलोवेरा हेयर मास्क की मदद से आप अपने फ्रीजी बालों को भी सॉफ्ट और शाइनिंग बना सकते हैं। इसके लिए, आपको चाहिए तीन चम्मच एलोवेरा जेल और एक अंडा। इन दोनों को चम्मच की मदद से मिक्स कर लें। इसके बाद, हेयर ब्रश की मदद से इस मिश्रण को सिर पर अप्लाई करें। आधे घंटे के लिए मिश्रण को लगा रहने दें। अब, अच्छी तरह से शैंपू से हेयर वॉश करें ताकि अंडे की स्मेल बालों में न रहे। ये दोनों ही ऐसे प्रोडक्ट है, जो बालों को पोषण देते हैं, जिससे आपके ड्राई और फ्रीजी बालों से छुटकारा मिलता है।

### एलोवेरा हेयर मास्क डैंड्रफ के लिए

एलोवेरा हेयर मास्क की मदद से आप अपने रूखे और बेजान बालों में भी जान भर सकते हैं। इसके लिए, आापको चाहिए दो-दो चम्मच एलोवेरा जेल और दही। विशेषज्ञों की मानें, तो दही में प्रोबायोटिक्स होता है, जो डैंड्रफ की समस्या से निजात दिलाने में मदद करता है। इसके साथ ही, इस मिश्रण से बाल शाइनी भी बनते हैं। अगर आपके बाल काफी ज्यादा रूखे हैं, तो



इस मिश्रण में एक चम्मच ऑलिव ऑयल और एक चम्मच शहद भी मिक्स कर सकते हैं। इससे बालों की डैंड्रफ पूरी तरह खत्म हो जाएगी।

### एलोवेरा हेयर मास्क हेयर ग्रोथ के लिए

एलोवेरा हेयर मास्क का इस्तेमाल बालों की ग्रोथ के लिए भी किया जा सकता है। इसके लिए, आपको चाहिए रात भर भीगे हुए मेथी दाने का पेस्ट और तीन चम्मच दही। दोनों को आपस में अच्छी तरह मिक्स कर लें। अब इस मिश्रण को बालों में लगाएं। आधे घंटे के लिए मिश्रण को बालों पर लगाकर रखें। इसके बाद, हेयर वॉश कर लें। इस मिश्रण को रेगुलर बेसिस पर अप्लाई करें। इससे हेयर ग्रोथ तेजी से होगी।

### एलोवेरा हेयर मास्क बालों को मॉइस्चराइज करने लिए

बालों का रूखापन एक सामान्य समस्या है। ऐसा बालों में तेल न लगाने और अच्छे शैंपू का इस्तेमाल न करने की वजह से ऐसा होता है। आप बालों को ऐलोवरो की मदद से मॉइस्चराइज कर सकते हैं। इसके लिए, जरूरी है कि आप एक एलोवेरा के पत्ते से जेल निकाल लें और दो केले छील लें। इन दोनों को आपस में अच्छी तरह मिक्स कर लें। आप इन्हें मिक्स करने के लिए ब्लेंडर का यूज कर कसते हैं। अब इस मिश्रण को अपने साफ बालों पर अप्लाई करें। दो घंटे के लिए मिश्रण को बालों पर लगे रहने दें। इसके बाद हेयर वॉश कर लें।

# श्रीमाधोपुर के सॉफ्टवेयर इंजीनियर की चेन्नई में मौत

## अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी

निसं



**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** चेन्नई में एक सड़क हादसे में श्रीमाधोपुर के सॉफ्टवेयर इंजीनियर निखिल सैनी 23 का निधन हो गया। 10 अप्रैल को ऑफिस जाने के लिए सड़क पार करते समय एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। कंपनी के कर्मचारियों ने तुरंत निखिल को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। रविवार को निखिल का पार्थिव शरीर पैतृक गांव ढाणी छीतरकावाली हांसपुर पहुंचा। गांव में उनका अंतिम संस्कार किया गया। निखिल के पिता विजय कुमार सैनी की भी वर्ष 2016 में हरियाणा के रोहतक में एक सड़क हादसे में मौत हो गई थी।

### पिछले साल पूरी हुई थी पढ़ाई, 8 महीने पहले जॉब लगी

मृतक के ताऊ राजेश कुमार सैनी ने बताया-निखिल ने आठ महीने पहले चेन्नई स्थित स्टैंडर्ड चार्टर्ड ग्लोबल सर्विस में अप्रेंटिस-टेक्नोलॉजी पद पर कार्यभार संभाला था। इससे पहले उसने आंध्र प्रदेश के अमरावती से बीटेक कंप्यूटर साइंसद्ध की पढ़ाई पिछले साल ही पूरी की थी। निखिल के छोटे भाई और बहन अभी पढ़ाई कर रहे हैं। उनके दादा देवी सहाय सैनी, हांसपुर ग्राम पंचायत के सरपंच रह चुके हैं। मां अनिता देवी का रो.रोकर बुरा हाल है।

# नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित

## 109 मरीजों की जांच कर 14 का ऑपरेशन के लिए किया चयन



निसं

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** लायंस क्लब श्रीमाधोपुर, सहाय हॉस्पिटल, मोती डूंगरी, जयपुर एवं आई रिसर्च सेंटर समिति द्वारा जिला स्वास्थ्य समिति अंधता निवारण जयपुर के सौजन्य से रविवार को राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीमाधोपुर में आयोजित 58 वें नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर में 109 मरीजों की आंखों की जांच की गई और 14 मरीज का चयन ऑपरेशन के लिए किया गया। क्लब के सीताराम सैनी पूर्व वैज्ञानिक से प्राप्त जानकारी के अनुसार शिविर में विशेष सहयोग दुर्गा प्रसाद गोयल एवं ललिता गोयल, ऊंझा, गुजरात का रहा। ऑपरेशन के लिए चयनित सभी मरीजों को क्लब ने फल एवं बिस्किट के पैकेट भी दिए। शिविर में लायन सीताराम सैनी, सागरमल हलवाई, बजरंग लाल कुमावतऔर सागरमल सैनी ने सेवाएं दी।

# आपराधिक मानव वध करने के मामले में दौ आरोपी गिरफ्तार, तीन माह से चल रहे थे फरार

निसं

**खेतड़ी नगर (नवयत्न)।** आपराधिक मानव वध के प्रयास करने के मामले में करीब तीन माह से फरार चल रहे दो आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार करने में कामयाब हुई। थानाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि 17 जनवरी 2026 को तातीजा निवासी महेश पुत्र जगमाल गुर्जर ने छह नामजद सहित आपराधिक मानव वध प्रयास करने की मामला दर्ज करवाया था। रिपोर्ट में बताया कि 17 जनवरी 2026 को सुभाष पुत्र मातादीन, महेश पुत्र जगदीश, रामजीलाल पुत्र मातादीन, नितिन पुत्र अंतराम, सतीश पुत्र अंतराम, अमर सिंह पुत्र मालाराम एक मोटर साईकिल व ब्रेजा गाड़ी में सवार होकर आए, जिनके हाथों में लाठी, डंडे व सरिये थे। उक्त लोगों ने उनके साथ मारपीट की व हंसराज के गले से चांदी की चैन व जेब से करीब साढे चार हजार रूपए निकाल कर ले गए। एसपी कावेंद्रसिंह सागर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एएसपी देवेंद्रसिंह राजावत, डीएसपी जुल्फीकार अली के निर्देशन में थानाधिकारी राकेश कुमार के नेतृत्व में आरोपियों की तलाश के लिए टीम गठीत की गई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफआपराधिक मानव वध के प्रयास के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की। थानाधिकारी राकेश कुमार के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा आसूचना संकलन व तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपियों का लगातार पीछा करते हुए सम्भावित स्थानों पर दबिश दी गई। तातीजा निवासी नितिन गुर्जर व अमरसिंह गुर्जर को तातीजा से दस्तयाब कर सख्ती से पुछताछ की तो उन्होंने वारदात करना कबुल कर लिया जिसके पश्चात दोनों को गिरफ्तार कर लिया। थानाधिकारी ने बताया कि अन्य आरोपी भी जल्द पुलिस की गिरफ्त में होगे।

# गर्भवती महिला से छेड़छाड़ का वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राजधानी के जवाहर सर्किल थाना क्षेत्र में गर्भवती महिला से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद पुलिस ने तत्काल संज्ञान लेते हुए रविवार दोपहर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार वीडियो में एक बदमाश मोबाइल पर बात करते हुए जा रही महिला का पीछा करता नजर आता है। काफी दूरी तक पीछा करने के बाद सुनसान गली में मौका पाकर वह पीछे से महिला को पकड़कर छेड़छाड़ करता है। महिला के विरोध कर शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो जाता है।थानाधिकारी आशुतोष सिंह ने बताया कि इस मामले में अब तक कोई औपचारिक शिकायत प्राप्त नहीं हुई थी, लेकिन वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने स्वयं संज्ञान लेकर कार्रवाई की है। प्रारंभिक जांच में यह वीडियो 25 मार्च का बताया जा रहा है।

# सुजानगढ़ नागरिक परिषद्, कोलकाता द्वारा 75 लाख रूपये के विकास कार्यों का लोकार्पण

निसं



**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** स्थानीय प्रवासियों की संस्था सुजानगढ़ नागरिक परिषद् कोलकाता द्वारा रविवार को विभिन्न सौजन्य सहयोगियों द्वारा प्रदत्त 75 लाख रूपए के विकास कार्यों का समारोह पूर्वक लोकार्पण हुआ। परिषद् के सचिव सीए आदित्य कोठारी ने बताया कि गोपाल गौशाला में लगभग बीस लाख, सरकारी अस्पताल में पांच लाख और सुजानगढ़ नागरिक परिषद् उच्च माध्यमिक विद्यालय में पचास लाख रूपये के विकास कार्य करवाएं गये। गोपाल गौशाला प्रांगण में टीन शेड, फर्श निर्माण कार्य और पर्यावरण संरक्षण कार्य के लोकार्पण मुख्य अतिथि आयुष झंवर ने किया। परिषद् के अध्यक्ष सुनील कुमार डोसी, सचिव सीए आदित्य कोठारी, जगदीश जालान, गौशाला अध्यक्ष माणकचन्द सराफ, मंत्री महावीर बगड़िया मंचस्थ रहे। इसी प्रकार राजकीय बगड़िया चिकित्सालय में कमला देवी, कमलेश, भरत डूंगरवाल द्वारा नवीनीकृत कॉटेज रूम सेक्शन के लोकार्पण संयुक्त निदेशक डॉ. अजय चौधरी ने किया। इस अवसर पर चौधरी ने कहा कि सुजानगढ़ नागरिक परिषद् द्वारा किये जा रहे कार्य महत्वपूर्ण है। पीएमओ डॉ. पुरूषोत्तम करवा ने आभार व्यक्त किया। डॉ. दिलीप सोनी, डॉ. नरेंद्र सिंह राठौड़, डॉ. सुनील मीणा, डॉ. विजय बगड़िया, डॉ. रवीन्द्र कड़ेल, डॉ. ध्रुव चौधरी, डॉ. महिपाल आदि का सुजानगढ़ नागरिक परिषद् के अध्यक्ष सुनील कुमार डोसी व अन्य लोगों ने अभिनंदन किया। इसी प्रकार सुजानगढ़ नागरिक परिषद् उच्च माध्यमिक विद्यालय के नवनिर्मित फर्नीचर युक्त पांच कमरों, बरामदा और टायलेट के डायमंड ब्लॉक उद्घाटन सांसद राहुल कस्वा ने किया। इस अवसर पर कस्वा ने कहा कि शिक्षा के लिए किए जाने वाला हर छोटा-बड़ा कार्य महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने सुजानगढ़ नागरिक परिषद् के जनहित के कार्यों की सराहना करते हुए इसे अनुकरणीय बताया। समारोह के अध्यक्ष क्षेत्रीय विधायक मनोज मेघवाल ने कहा कि परिषद् की हीरक जयंती पर बना यह डायमंड ब्लॉक हमेशा मातृभूमि के प्रति भामाशाहों के समर्पण की याद दिलाता रहेगा। उदघाटनकर्ता बैंगलोर प्रवासी प्रसिद्ध उद्योगपति नरपतसिंह चोरड़िया ने कहा कि मेरे लिए आज का यह दिन बहुत सम्मान और गौरव का हैं। निवर्तमान सभापति नीलोफर गौरी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष जयश्री दाधीच, एसीबीओ रणजीत भींचर, ब्रह्मप्रकाश शर्मा आदि ने भी विचार व्यक्त किये।

सचिव सीए आदित्य कोठारी ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया और परिषद् के अध्यक्ष सुनील कुमार डोसी ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विधालय के प्रधानाचार्य महमूद हसन और स्टॉफ सदस्यों ने सुजानगड़ नागरिक परिषद् कोलकाता को अभिनंदन पत्र भेंट किया। संचालन साहित्यकार डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा ने किया। आगन्तुकों का स्वागत सह सचिव सुशील ओसवाल, सुशील कोठारी, राजेश डोसी, खड़ग सिंह बांठिया, अमरसिंह भूतोड़िया, महबूब राव, लक्ष्मण खत्री, भागीरथ गोदारा, पिंकू सराफ, जगदीश जालान, महेश सोमानी, तरूण लोढ़ा, कमल तापड़िया, कैलाश सराफ, विद्याप्रकाश जांगिड, रविकांत मूंधड़ा आदि ने किया।

इस अवसर पर विशिष्ट सहयोगियों और विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में भाजपा नेता कमल दाधीच, दीनदयाल पारीक सहित अनेक स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# गायत्री महामंत्र जप से ही संभव सकारात्मक चिंतन व वैश्विक शांति

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** आराध्य देव गोविंद देव जी मंदिर में रविवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में नि:शुल्क पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी जी महाराज के सानिध्य में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर यज्ञ में आहुतियां अर्पित कीं। मंदिर के सेवा अधिकारी मानस गोस्वामी ने ठाकुर श्री राधा-गोविंद देव, वेदमाता गायत्री, गायत्री परिवार के संस्थापक पं. श्रीराम शर्मा आचार्य, भगवती देवी शर्मा, यज्ञ भगवान तथा विचार क्रांति के प्रतीक दीप प्रज्वलित कर महायज्ञ का शुभारंभ किया। महायज्ञ की पांच पारियों में 250 से अधिक श्रद्धालुओं ने विश्व कल्याण की कामना के साथ आहुतियां दीं। वैश्विक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए विशेष प्रार्थनाएं भी की गईं। आचार्य पीठ से गायत्री कचोलिया, कामिनी शर्मा एवं नीतू शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन सम्पन्न कराया तथा उपस्थित जनों को सकारात्मक चिंतन और आध्यात्मिक जीवन अपनाने की प्रेरणा दी। गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी के सह.व्यवस्थापक मणिशंकर पाटीदार ने कहा कि वर्तमान वैश्विक अशांति का मूल कारण वैचारिक और मानसिक प्रदूषण है। इसका समाधान विवेक है, जो गायत्री महामंत्र के नियमित जप से प्राप्त होता है। उन्होंने बताया कि गायत्री साधना से 24 मर्म बिंदु सक्रिय होते हैं, जिससे सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और चिंतन शुद्ध बनता है। इस अवसर पर तीन जन्मदिन संस्कार एवं एक पुंसवन संस्कार भी सम्पन्न हुए। गायत्री चेतना केंद्र, जनता कॉलोनी द्वारा लगाए गए साहित्य स्टॉल पर श्रद्धालुओं को लागत मूल्य पर साहित्य उपलब्ध कराया गया तथा प्रज्ञा अभियान पाक्षिक भेंट की गई। कार्यक्रम के दौरान पांच श्रद्धालुओं ने अपने घरों पर यज्ञ कराने की सहमति दी। मुरलीपुरा, झोटवाड़ा, मानसरोवर और सीकर रोड क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने श्रमदान कर आयोजन को सफल बनाया। अंत में सभी श्रद्धालुओं से गायत्री महामंत्र का नियमित जप करने का आह्वान किया गया। जयघोष और शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# प्रांतीय अध्यक्ष गुप्ता का किया समाज बंधुओं ने स्वागत



निसं

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** रतनगढ़ में अग्रवाल समाज का अग्रणी संगठन करने वाले अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष, राजस्थान सरकार स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एंबेसडर एवं साथ ही डूंगरपुर में स्वच्छता में देश में अनूठी छाप कायम करने वाले पूर्व सभापति के.के. गुप्ता का आज रविवार को संगम चौराहा स्थित एक होटल में समाज बंधुओं द्वारा माला, दुपट्टा व प्रतीक चिन्ह भेंट कर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रांतीय अध्यक्ष गुप्ता ने समस्त स्वागतकर्ताओं का आभार प्रकट करते हुए समाज को एकजुट रहने, अग्रवाल समाज के व्यापार में विशेष योगदान एवं स्वच्छता मिशन पर विचार व्यक्त किए। इस मौके पर सम्मेलन के जिलाध्यक्ष कैलाश चौधरी, युवा जिलाध्यक्ष संजय मुरारका, नगर अध्यक्ष दीपक चौधरी, जसकरण चौधरी, विनोद कंदोई, अग्रवाल सेवा समिति के पूर्व अध्यक्ष सुरेश कुमार मुरारका, पूर्व वाईस चैयरमैन रामगोपाल चौधरी, दिनेश सरावगी सहित समाज के बंधुवर उपस्थिति थे।

# व्यक्ति का चरित्र निर्माण ही समस्त धर्मों का मूल है, प्रो. कोठारी



निसं

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** विश्व के समस्त धर्मों का मूल व्यक्ति का चरित्र निर्माण है। ये विचार साहित्यकार प्रोफेसर कमल सिंह कोठारी ने अणुव्रत समिति द्वारा आयोजित अणुव्रत काव्य धारा आयोजन के मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। रतनगढ़ में जैन परिषद् भवन के सभागार में उपस्थित साहित्य प्रेमियों को व्यसनमुक्त जीवन का संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि मादक पदार्थ ही नहीं अपितु पद, धन और प्रसिद्धि आदि का नशा भी विनाशकारी होता है। साहित्य सरोवर संस्थान, जयपुर के सचिव वैद्य बालकृष्ण गोस्वामी के सान्निध्य में सम्पन्न कार्यक्रम मे जोधराज बैद, जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा के अध्यक्ष मोतीलाल तातेड़ एवं पूर्व प्राचार्य कल्याण सिंह चारण मंचस्थ अतिथि थे।

गोस्वामी ने अणुव्रत अनुशास्ता आचार्य श्री को समर्पित कविता युगद्रष्टा महाश्रमण मतिधीर, मनस्वी, उपकारी प्रस्तुत कर अणुव्रत अपनाने का आह्वान किया। प्रो कल्याण सिंह चारण ने रतनगढ़ की धरती को धर्म, अर्थ और साहित्य के संगम की धरा बताते हुए कहा कि अणुव्रत के विचार का बीजारोपण इसी पावन धरा से होना हमें गौरवान्वित करने वाला है। समिति अध्यक्ष कुलदीप व्यास की सरस्वती वंदना से प्रारंभ हुए कार्यक्रम में युवा कवि मनोज चारण, आशु कवि अरविंद रत्नधरा, कवयित्री भानुप्रिया शर्मा, दिलीप स्वामी मनु और प्रभात बील ने अणुव्रत आचार संहिता आधारित रचनाएं प्रस्तुत करते हुए पर्यावरण संरक्षण, हरीतिमा संवर्धन, व्यसनमुक्त जीवन और भ्रष्टाचार उन्मूलन संबंधी संदेश दिया।

सेवा निवृत्त प्राचार्य राम गोपाल महर्षि ने आयोजन की समीक्षा करते हुये कहा कि हमारी प्रज्ञा का स्रोत ए संस्कृति विश्व में अनूठी है। इसका मूल ध्येय है चारित्रिक उन्नयन। समिति के उपाध्यक्ष अरुण रामगढ़िया, पूर्व अध्यक्ष तेजपाल सिंह गुर्जर, कोषाध्यक्ष राजकुमार बैद, सह मंत्री नरेंद्र सांकृत्य, रामचंद्र पारीक, दौलतराम दायमा, प्रताप बोथरा आदि ने अतिथियों का स्वागत शॉल, दुपट्टा, साहित्य और अणुव्रत डायरी भेंट कर किया। कवियों का अभिनंदन मंचस्थ अतिथियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर परमेश्वर लाल आत्रेय, बद्री प्रसाद पारीक, पूनमचंद दूगड़, बाबूलाल कोचर, मांगीलाल स्वामी, हनुमान सिंह, महावीर सेवदा, भानुप्रकाश इंदौरिया, हिमांशु मालपुरिया, गोपाल मुरारका एपवन महर्षि आदि उपस्थित थे।

# अवैध डीजल तस्करी के खिलाफपुलिस की प्रभावी कार्रवाई, 26 ड्रम अवैध डीजल जब्त

निसं



**तारानगर (नवयत्न)।** तारानगर पुलिस ने अवैध डीजल तस्करी के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करते हुए 26 ड्रम अवैध डीजल जब्त किया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजगढ़ रिछपाल सिंह चारण ने बताया कि आरपीएस स्वाति बूरी के नेतृत्व में तारानगर पुलिस टीम ने शनिवार रात्रि को कस्बे में साहवा रोड पर नाकाबंदी कर रखी थी।

उस दौरान साहवा की तरफसे एक पिकअप गाड़ी आई। पुलिस ने पिकअप को रुकवा कर उसकी जांच की तो पिकअप के पीछे बनाई गई बंद बॉडी में अवैध डीजल के 26 ड्रम भरे पड़े थे जिनमें करीब 5-6 हजार लीटर डीजल था। डीजल परिवहन व खरीद का कोई लाइसेंस व बिल आदि नही मिलने पर पुलिस ने पिकअप व अवैध डीजल जब्त कर लिया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चारण ने बताया कि अवैध डीजल की कार्रवाई के लिए जिला परिषद विभाग चूरू को सूचना दे दी गई है जिला रसद विभाग चूरू की ओर से कार्रवाई की जाएगी। पूछताछ में पिकअप चालक अजय नायक व दिलीप नायक ने अवैध डीजल चंडीगढ़ से खरीद कर लाना बताया है। चारण ने बताया कि वर्तमान में खाड़ी देशों में युद्ध के हालात के मध्य नजर पेट्रोल, डीजल की कमी को देखते हुए लोगों की ओर से पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ से सस्ती दर में अवैध डीजल तस्करी करके डीजल का स्टॉक किया जा रहा था जिसके चलते डीजल तस्करी को रोकने के लिए तस्करों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की गई। अवैध डीजल तस्करी के खिलाफ कार्यवाही करने वाली टीम मे तारानगर थाना प्रभारी आरपीएस स्वाति बूरी, उप निरीक्षक सुरेश कुमार यादव, हेड कांस्टेबल देवीलाल, कांस्टेबल बलवान सिंह, विकास कुमार, अजीत सिंह, बन्नेसिंह आदि शामिल थे।

# श्री गणेश बाल निकेतन संस्थान का वार्षिक उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित



निसं

**राजलदेसर (नवयत्न)।** कस्बे की निजी शिक्षण संस्था श्री गणेश बाल निकेतन विद्यालय का वार्षिक उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा मां शारदा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी पूनम चंद्र गर्ग उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि मुकेश श्रीमाल अध्यक्ष युवा विकास समिति जयचंद महावर अध्यक्ष, कामगार समाज, रतन सिंह शेखावत अध्यक्ष, निजी शिक्षण संस्थान, चंदन घोड़ेला, सांवरमल प्रजापत व्यवस्थापक, भवानी सिंह गोलसर एवं बिड़दीचंद प्रजापत सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गई, जिसने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को विद्यालय परिवार की ओर से मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

विद्यालय परिवार द्वारा सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष युवा विकास समिति रतनलाल बारूपाल, पवन मारू, सोहन कारगवाल, हनुमान मल, परमानंद प्रजापत, प्रकाश घोड़ेला, मांगीलाल प्रजापत मोतीलाल प्रजापत, सुरेंद्र सिंह, दिलीप, धनाराम प्रजापत, रामनारायण घोड़ेला महेंद्र नायक, कन्हैयालाल रेगर सहित अनेक अभिभावक गण मौजूद रहे।

कार्यक्रम का संचालन प्रधानाध्यापक रोहित कुमार प्रजापत ने किया।

# दो के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज व गिरफ्तार

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** रतनगढ़ पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान गत रात्रि को दो अलग-अलग कार्रवाई करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से डोडापोस्त चुरा बरामद किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ , नडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत रात्रि को सब इंस्पेक्टर गिरधारीलाल एवं एएसआई हेमराज मय जाप्ता मालासर टोल के पास पहुंचे तथा नाकाबंदी शुरू की। इस दौरान एक युवक नाकाबंदी की तरफ आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस को देखकर युवक खेतों की तरफ भागने लगा, तो उसे रोककर नाम-पता पूछा और उसके पास मिले थैले की तलाशी ली।

थैले में दो किलो 175 ग्राम डोडापोस्त चुरा मिला, जिस पर पुलिस ने पंजाब के फाजिल्का निवासी 27 वर्षीय मेहरसिंह को गिरफ्तार किया है। वहीं दूसरे प्रकरण में सब इंस्पेक्टर सुभाषचंद्र एवं एएसआई धर्मेंद्र मय जाप्ता मालासर टोल के पास गश्त करते हुए पहुंचे तथा नाकाबंदी शुरू की। इस दौरान एक युवक नाकाबंदी की तरफ आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस को देखकर युवक खेतों की तरफजाने लगाए तो उसे रोककर नाम-पता पूछा और उसके पास मिले कट्टे की तलाशी ली। कट्टे में दो किलो 950 ग्राम डोडापोस्त चुरा मिला, जिस पर पुलिस ने पंजाब के तरणतारण निवासी 36 वर्षीय हरप्रीत सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अशोक के पेड़ की छाल से दूर होती हैं ये समस्याएं

आयुर्वेद में किसी भी बीमारी का इलाज करने के लिए तरह-तरह के पेड़-पौधों का उपयोग किया जाता है। इन्हीं में अशोक का पेड़ भी शामिल है। अशोक का पेड़ औषधीय गुणों से भरपूर होता है। आयुर्वेद में अशोक के पेड़ की छाल, टहनियां, फूल और पत्तों का उपयोग दवाइयां बनाने के लिए किया जाता है। आयुर्वेद में अशोक के पेड़ का काफी महत्व है। अशोक के फूल, पत्तों और छाल आदि का उपयोगबीमारियों को ठीक करने के लिए किया जाता है। अशोक की छाल महिलाओं की कई समस्याएं दूर करता है। साथ ही अशोक की छाल स्किन, हड्डियों और पेट के लिए भी फायदेमंद होता है।



## बवासीर में कारगर अशोक के पेड़ की छाल

प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में कभी-न-कभी बवासीर का सामना जरूर करता है। अशोक की पेड़ की छाल का उपयोग बवासीर की समस्या होने पर भी किया जा सकता है। इसके लिए आप एक चम्मच अशोक की छाल का पाउडर लें, इसमें शहद और पानी के साथ मिलाकर लें। इससे मल त्याग में आसानी होगी, बवासीर के दर्द में भी आराम मिलेगा। अशोक के पेड़ की छाल बवासीर की समस्या से राहत दिलाती है।

## त्वचा के लिए फायदेमंद अशोक की छाल

अशोक के पेड़ की छाल सेहत के साथ ही त्वचा के लिए भी फायदेमंद होती है। अशोक की छाल का पाउडर खून साफ करती है, इससे त्वचा पर निखार आता है। साथ ही शरीर में जमा टॉक्सिंस भी बाहर निकलते हैं, जिससे ऑयली, बेजान त्वचा से भी छुटकारा मिलता है।

## पीरियड के दर्द में आराम दिलाए अशोक की छाल

महिलाओं के लिए अशोक की छाल को काफी फायदेमंद माना गया है। अशोक के पेड़ की छाल पीरियड्स के दौरान होने वाले दर्द, ऐंठन को कम करने में सहायक होती है। पीरियड्स के दौरान दर्द से राहत पाने के लिए आप अशोक की छाल का पाउडर ले सकते हैं।

## हड्डियों के लिए लाभकारी अशोक की छाल

अशोक के पेड़ की छाल में फ्लेवोनॉयड्स, टैनिन और एनाल्जेसिक जैसे औषधीय गुण पाए जाते हैं। ये सभी तत्व हड्डियों के लिए जरूरी होते हैं। यहां तक कि अशोक की छाल का उपयोग हड्डियों को जोड़ने के लिए भी किया जा सकता है।

## पेट की समस्याएं दूर करें अशोक की छाल

अशोक के पेड़ की छाल का उपयोग पेट की समस्याओं को दूर करने के लिए भी किया जा सकता है। अशोक की छाल पेट के कीड़ों को मारने में कारगर है। इसके अलावा अशोक के पेड़ की छाल अपच, कब्ज आदि समस्याओं में भी लाभकारी है।

## वाइट डिस्चार्ज में फायदेमंद अशोक की छाल

वाइट डिस्चार्ज यानी ल्यूकोरिया महिलाओं में होने वाली एक आम समस्या है। ल्यूकोरिया की समस्या से राहत पाने के लिए आप अशोक की छाल का उपयोग कर सकती हैं। इसके लिए अशोक की छाल को पानी में उबालकर पी लें। पानी तब तक उबालें, जब तक पानी आधा न हो जाए।

# सुबह खाली पेट किशमिश खाने से शरीर को मिलते हैं ये लाभ

ड्राई फ्रूट्स के सेवन से शरीर को कई लाभ मिलते हैं। यह खाने में जितने स्वादिष्ट होते हैं, उतने ही पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। इनके सेवन से आपका इम्यून सिस्टम मजबूत होता है और आपकी रोगों से लड़ने की क्षमता का विकास भी होता है। ऐसे ही एक ड्राई फ्रूट्स है काली किशमिश, जो काले अंगूर से बनाई जाती है। यह मिठास से भरपूर होती है। काली किशमिश में प्रोटीन, कार्ब्स, फाइबर, मैग्नीशियम, शुगर, कैल्शियम, सोडियम, पोटेशियम, आयरन और विटामिन सी जैसे ढेरों पोषक तत्व पाए जाते हैं। खाली पेट में इसका सेवन करने से शरीर को कई लाभ मिलते हैं। खाली पेट में काली किशमिश खाने से पाचन तंत्र सही रहता है। यह हड्डियों, बालों और त्वचा के लिए भी लाभकारी होता है। साथ ही इसके सेवन से हार्ट समस्याएं भी दूर हो सकती है। हाई ब्लड प्रेशर के मरीज भी अपनी डाइट में किशमिश को शामिल कर सकते हैं।



## हाई ब्लड प्रेशर की समस्या

काली किशमिश में पोटैशियम और फाइबर दोनों पाए जाते हैं, जो हाई बीपी को नियंत्रित करने में मददगार साबित हो सकते हैं। यह धमनियों में आराम दिलाता है और रक्त के प्रवाह को बनाए रखने में मदद कर सकता है। इसलिए ब्लड प्रेशर की समस्या में आप काली किशमिश का सेवन कर सकते हैं।

## एनीमिया की परेशानी

कई बार पोषक तत्वों के अभाव में शरीर में खून की कमी हो सकती है। साथ ही इससे कमजोरी और थकान भी हो सकती है। यह समस्या महिलाओं में काफी आम होती है। इससे आंखों के नीचे काले घेरे भी आ सकते हैं। किशमिश में आयरन होता है, जो खून की कमी दूर कर सकता है।

## पाचन तंत्र को ठीक करे

काली किशमिश में भरपूर मात्रा में फाइबर पाया जाता है, जिसके सेवन से पाचन तंत्र सही रहता है और पेट संबंधी समस्याएं भी दूर हो सकती है। इससे कब्ज, अपच और गैस की परेशानी ठीक हो सकती है।

## दिल को रखे दुरुस्त

काली किशमिश में मौजूद पॉलिफिनॉल्स और फाइबर बैड कोलेस्ट्रॉल और ब्लड में मौजूद फैट को दूर करने में मदद करता है। इससे धमनियों में वसा की मात्रा कम हो सकती है और हृदय तक रक्त का बहाव बना रहता है। ये आपको स्ट्रोक और अन्य हृदय समस्याओं से भी बचा सकता है।

# घर पर बिना ट्रेनर एक्सरसाइज करते समय न करें ये गलतियां, सेहत को फायदे के बजाय होगा नुकसान

आज के समय में लोग फिट और हेल्दी रहने के लिए रोजाना वर्कआउट और एक्सरसाइज का सहारा लेते हैं। कोरोना वायरस महामारी के दौरान हुए लॉकडाउन के बाद से ज्यादातर लोग अपने घरों में ही एक्सरसाइज या वर्कआउट का अभ्यास कर रहे हैं। आज कल फिटनेस फ्रीक लोग अपने घरों में ही जिम का सेटअप करते हैं। घर में बिना ट्रेनर की सहायता से एक्सरसाइज या वर्कआउट करते समय अक्सर लोग कई गलतियां कर बैठते हैं। कई बार लोग एक्सरसाइज के दौरान गलत तकनीक या गलत तरीका अपना लेते हैं जो फायदे की जगह पर नुकसान दायक हो सकता है। घर पर वर्कआउट या एक्सरसाइज करते समय आपको इन गलतियों से बचना चाहिए। नियमित रूप से वर्कआउट या एक्सरसाइज करने से पहले और बाद में वार्म अप करना बहुत जरूरी होता है। शरीर को एक्सरसाइज या वर्कआउट करने के लिए तैयार करने का काम वार्म अप करता है। इसके बाद जब आप वर्कआउट कर चुके होते हैं तो शरीर को कूल डाउन यानी आराम देने के लिए और सांस को सामान्य करने के लिए कूल डाउन एक्सरसाइज का अभ्यास किया जाता है। घर पर एक्सरसाइज करते समय अक्सर लोग ऐसी गलतियां कर बैठते हैं



जिसकी वजह से उन्हें फायदे की जगह नुकसान झेलना पड़ता है।

**एक्सरसाइज करते समय सही ब्रेक न लेना :** कई बार लोग घर पर बिना ट्रेनर के जिम या वर्कआउट करते समय ब्रेक नहीं लेते हैं। होम वर्कआउट के दौरान अक्सर लोगों में ये देखा गया है। ऐसा करना सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है। अगर आप रोजाना 1 घंटे तक वर्कआउट या एक्सरसाइज का अभ्यास करते हैं तो इस दौरान आपको बराबर अंतराल पर 5-5 मिनट के 3 ब्रेक जरूर लेने चाहिए। 1 घंटे के वर्कआउट रूटीन में 15 मिनट का ब्रेक जरूर शामिल होना चाहिए। ऐसा करने से आपके बॉडी मसल्स रिलैक्स होते हैं और हैवी एक्सरसाइज के दौरान इंजरी नहीं होती है।

**वर्कआउट रूटीन न फॉलो करना :** घर पर वर्कआउट या एक्सरसाइज करते समय अक्सर लोग लापरवाही के चलते सही वर्कआउट या एक्सरसाइज रूटीन फॉलो नहीं करते हैं जिसकी वजह से एक्सरसाइज का पूरा फायदा उन्हें नहीं मिल पाता है। जिस तरह आप एक विशेष समय पर जिम या व्यायाम क्लास में जाते हैं, उसी तरह आपको अपने घर के वर्कआउट के साथ भी उसी तरह की दिनचर्या का पालन करने की कोशिश करनी चाहिए। जबकि घर आपको अपने समय के अनुसार काम करने की सुविधा देता है, इसका मतलब यह नहीं है कि आप इसे हल्के में लेते हैं। सही मूड, स्थान और ऊर्जा आपके वर्कआउट को बेहतर बनाने का काम करते हैं।

**बहुत हैवी एक्सरसाइज से वर्कआउट की शुरुआत :** पहली बार घर पर बिना ट्रेनर की सहायता से जिम या एक्सरसाइज करते समय अक्सर लोग कई गलतियां कर बैठते हैं। बिना ट्रेनर की सहायता के वर्कआउट करते समय लोग पहली बार बहुत हैवी वर्कआउट से शुरुआत कर बैठते हैं। शुरुआत में आपको हल्की-फुल्की एक्सरसाइज का अभ्यास करना चाहिए। इस दौरान आपको वेट लिफ्टिंग या अन्य हर कोर व्यायाम का अभ्यास नहीं करना चाहिए।

**गलत तकनीक का इस्तेमाल करना :** पहली बार घर पर बिना ट्रेनर की सहायता के वर्कआउट करते समय अक्सर लोग गलत तकनीक और तरीके से वर्कआउट करते हैं, ऐसा करना आपके लिए नुकसानदायक हो सकता है। घर पर एक्सरसाइज करते समय चीजों को अपने मन के अनुसार चुनना और अपने तरीके से गलत-सही करते रहना करना सबसे बड़ी गलतियों में से एक है। घर पर एक्सरसाइज करते समय वार्म-अप, कूल डाउन तकनीक का ध्यान रखें। इसकी छोटी-छोटी गलतियां भी आपके लक्ष्य की राह में आ सकती हैं।

## कूल डाउन का अभ्यास रेगुलर न करना

कुछ लोग बीच-बीच में वर्कआउट या एक्सरसाइज का अभ्यास करने के बाद कूल डाउन एक्सरसाइज का अभ्यास करते हैं जो कि सही नहीं माना गया है। कूल डाउन एक्सरसाइज का अभ्यास नियमित रूप से जरूर करना चाहिए। एक दिन छोड़कर दूसरे दिन या फिर बीच-बीच में इसका अभ्यास स्किप करने से आपकी मांसपेशियों को नुकसान होता है। जब आप नियमित रूप से वर्कआउट के बाद कूल डाउन एक्सरसाइज का अभ्यास नहीं करते हैं तो इसकी वजह से आपको सांस लेने में तकलीफ या मसल्स की सही ढंग से रिकवरी न हो पाने जैसी समस्या का सामना करना पड़ता है।

# अच्छी नींद के लिए खाएं मेलाटोनिन से भरपूर ये फूड्स

आज के समय में सबसे ज्यादा जिस बात से लोग परेशान रहते हैं, वो है अच्छी नींद न मिल पाने की समस्या। इसका मतलब ये नहीं कि लोग सोते नहीं है, लेकिन आज की दौड़ती-भागती जिंदगी में कई चिंताओं और समस्याओं के चलते लोगों की नींद पूरी नहीं हो पाती है। वहीं, आजकल की बदलती लाइफस्टाइल भी अच्छी नींद न आने का एक बड़ा कारण है। कई लोग रात में लंबे समय तक जागते हैं जिसकी वजह से भी उनकी नींद पूरी नहीं हो पाती है और ऐसे में वो कई बीमारियों के भी शिकार हो जाते हैं। लेकिन क्या अच्छी नींद न आने के सिर्फ यही कारण हैं? ऐसा नहीं है, क्योंकि अच्छी नींद न आने के पीछे का कारण मेलाटोनिन से भरपूर आहार से दूरी बनाना भी है।

**मेलाटोनिन क्या है :** मानव दिमाग में मौजूद पिनियल ग्लैंड के द्वारा मेलाटोनिन हार्मोन का निर्माण होता है। यह आपकी बेहतर नींद के लिए बहुत जरूरी होता है। यह हार्मोन पिनियल ग्लैंड के अलावा बोन मैरो, ओवरीज और आंखों से भी रिलीज होता है। यह सोने और जागने के प्रोसेस को बनाए रखने का काम करता है।



**मेलाटोनिन से भरपूर बादाम खाएं :** आप हमेशा से सुनते आ रहे हैं कि बादाम खाने से दिमाग तेज होता है। इसमें फाइबर, प्रोटीन, विटामिन ई, मैग्नीशियम, मैंगनीज जैसे अन्य कई जरूरी पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसका सेवन करने से आपकी नींद में भी सुधार आता है। रात को सोने से पहले आप इन्हें खा सकते हैं। इनमें नींद की गुणवत्ता में सुधार लाने वाला मेलाटोनिन पाया जाता है। अगर आप चाहें तो बादाम का सेवन शहद के साथ कर सकते हैं। आप इन्हें एक गिलास गर्म दूध के साथ भी खा सकते हैं।

**अच्छी नींद के लिए खाएं कीवी :** कीवी बेहद पौष्टिक फल है। इसमें कैलोरी बहुत कम होती है। आमतौर पर डेंगू के मराजों को इसका सेवन करने की सलाह दी जाती है। इसमें फाइबर और कैरोटीनॉयड एंटीऑक्सिडेंट तत्व पाए जाते हैं। इसे खाने से पाचन ठीक रहता है और कोलेस्ट्रॉल कम होता है। कीवी में सेरोटोनिन होता है। इसका सेवन करने से मेलाटोनिन के उत्पादन को बढ़ावा मिलता है। रात को सोने से पहले एक कीवी जरूर खाएं।

**मेलाटोनिन के लिए केला खाएं :** केले में कैल्शियम, रिबोफ्लेविन, नियासिन, फोलिक एसिड, पोटेशियम आदि न्यूट्रिएंट्स प्रचुर मात्रा में होते हैं। यह लगभग हर किसीका पसंदीदा फल है। एक मीडियम आकार के केले में 37 माइक्रोग्राम मेलाटोनिन पाया जाता है। इनमें ट्रायप्टोफैन नामक एमीनो एसिड भी होता है। यह नींद को बेहतर बनाने में कारगर होता है। इसके साथ ही इसमें सेरोटोनिन के गुण भी होते हैं। केला खाने से आपके शरीर को तुरंत एनर्जी मिलती है। इन सबके साथ ही केले में कार्बोहाइड्रेट भी होते हैं जिनकी मदद से आप अपनी नींद को बेहतर बना सकते हैं।

**नींद में सुधार लाए कैमोमाइल चाय :** कैमोमाइल चाय औषधीय गुणों से भरपूर जड़ी-बूटी है जिसे फूलों से बनाया जाता है। इसमें मैग्नीशियम, फोलेट, कैल्शियम, विटामिन ए और पोटेशियम के गुण पाए जाते हैं। इस हर्बल चाय का सेवन करने से अनिद्रा से राहत मिलती है। यह आपके दिमाग को शांत रखती है जिससे आप तनाव मुक्त रहते हैं। इसके सेवन से शरीर को आराम मिलता है। जिससे आपको अच्छी नींद आती है। रोजाना नियमित रूप से आप एक कप गर्म कैमोमाइल चाय पी सकते हैं। इससे सेरोटोनिन और मेलाटोनिन के स्तर में वृद्धि होती है। इसमें एपिजेनिन नाम का फ्लेवोनोइड पाया जाता है जो आपकी नींद में सुधार लाने में सहायक होता है।

**मेलाटोनिन से भरपूर ओट्स :** ओट्स मेलाटोनिन का बेहतरीन सोर्स माने जाते हैं। इसका सेवन करने से आपके शरीर को आराम मिलता है। इस तरह यह नींद में सुधार लाने में भी बेहद कारगर होते हैं। इसके साथ ही ओट्स खाने से हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, हृदय रोगों से राहत मिलती है। अगर आप इसका सेवन करते हैं तो आपको कब्ज से भी छुटकारा मिलता है।

# रोजाना कॉफी पीना से आपकी सेहत को होते है ये फायदेमंद

कॉफी पीना हर किसी को अच्छा लगता है। टेस्ट और हेल्थ के लिए भी कॉफी काफी अच्छी होती है। ये आपको अंदर से काम करने की एनर्जी देती है और आपको रिफ्रेश करती है। आपने कई ऐसे लोग भी देखे होंगे, जो बिना कॉफी का मग उठाए अपने एक काम भी नहीं कर पाते हैं। कई लोगों को तो सुबह उठते ही बेड पर कॉफी चाहिए होती है। ऐसे में कॉफी से लोगों का एक अलग तरह का प्यार ही नजर आता है। कॉफी पीने से कई बीमारियों के लक्षण कम हो सकते हैं। अगर आप पूरे दिन संतुलित मात्रा में इसका सेवन करते हैं, तो इससे टाइप 2 डायबिटीज, हार्ट डिजीज और लीवर डिजीज का खतरा कम हो जाता है। साथ ही इससे आपका दिमाग भी चुस्त रहता है। साथ ही आप काम के समय आने वाली नींद को भी भगा सकते हैं। कॉफी में कैफीन, एंटीऑक्सीडेंट, पोटेशियम, मैग्नीशियम और नियासिन पाए जाते हैं। साथ ही इसमें वसा और शुगर की मात्रा नहीं होती है। अगर आप संतुलित मात्रा में किसी भी चीज का सेवन करें, तो इसके कोई नुकसान नहीं है लेकिन किसी भी चीज की अति करने से आपको



नुकसान हो सकता है। दिन में अगर आप 2-3 कम कॉफी पीते हैं, तो शायद ये आपके स्वास्थ्य के लिए उतना हानिकारक न हो लेकिन अगर आप हर समय कॉफी पीने के आदी हो गए है और हर आधे या एक घंटे में आपको कॉफी पीने का मन करता है, तो ये आपके लिए हानिकारक हो सकता है। इससे आपको शारीरिक और मानसिक समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

**लंबी उम्र तक जीते :** कॉफी पीने वाले लोगों में कोरोनरी हृदय रोग, स्ट्रोक, मधुमेह और गुर्दे की बीमारी का खतरा बहुत कम हो जाता है। ऐसे में यह आपके लिए काफी अच्छा हो सकता है, जिसे आप एक रोगमुक्त जीवन जी सकते हैं। साथ ही मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकते हैं।

**मस्तिष्क के लिए फायदेमंद :** अल्जाइमर रोग में भी कॉफी काफी फायदेमंद होती है। इससे मस्तिष्क के काम करने की क्षमता बढ़ती है। साथ ही चीजें अधिक याद रहती है। कॉफी में मौजूद कैफीन मस्तिष्क स्थितियों में सुधार करता है।

**हार्ट हेल्थ के लिए फायदेमंद :** कॉफी पीना आपकी हार्ट हेल्थ के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इससे हार्ट से जुड़ी बीमारियों का खतरा काफी कम हो जाता है। इसके सेवन से हृदय को रक्त को पंप करने में आसानी होती है और शरीर के सभी अंगों तक रक्त अच्छे से पहुंच पाता है। इससे हार्ट अटैक का खतरा कम हो जाता है।

**वजन कम करने में लाभाकरी :** अगर आप वजन कम करने के बारे में सोच रहे हैं तो आप कॉफी पी सकते है। कॉफी में कैफीन होता है जिससे मेटाबॉलिज्म अच्छा होता है। साथ ही इससे पैदा होने वाली गर्मी मोटापे को कम करने में मदद करती है। इससे आप लंबे समय तक अंदर से भरा हुआ महसूस करते हैं।

# रोजाना की इन एक्टिविटीज से अपने ब्रेन को रख सकते हैं हेल्दी और एक्टिव

अगर आप अपनी बॉडी के साथ दिमाग को भी लंबे समय तक फिट एंड फाइन रखना चाहते हैं तो इसके लिए अपने रूटीन में कुछ ऐसी एक्टिविटीज को शामिल करना होगा जिसमें आपका ब्रेन इंगेज रहता है। यकीन मानिए इन एक्टिविटीज़ से आपके सोचने-समझने की क्षमता में सुधार होता है, याददाश्त दुरुस्त रहती है और ब्रेन फॉग की प्रॉब्लम नहीं होती।

**रोजाना एक्सरसाइज करें :** एक्सरसाइज करने से न सिर्फ बॉडी बल्कि दिमाग भी हेल्दी और एक्टिव रहता है। एक्सरसाइज करने से पूरी बॉडी में ब्लड और ऑक्सीजन का सर्कुलेशन सही तरह से होता है। तो कॉर्डियो, स्वीमिंग, रनिंग, वॉकिंग, एरोबिक्स, जो भी पॉसिबल हो उसे अपने रूटीन में शामिल करें।

**कुछ नया सीखें :** फिर चाहे वो म्यूजिक हो या नई भाषा। यकीन मानिए ऐसा करके आप अपने ब्रेन को एक्टिव और फिट रख सकते हैं। ये दोनों ही एक्टिविटीज ऐसी हैं जिसमें न सिर्फ आप नई स्किल्स सीखते हैं बल्कि नए-नए और अलग-अलग विचारों वाले लोगों से भी मिलते हैं। जो कई तरीकों से हमारे दिमाग को प्रभावित करता है।

**ड्राइंग और पेंटिंग :** रोजाना किए जाने वाले घर और ऑफिस के टास्क में काफी हद तक चीज़ें फिक्स होती हैं जिसकी वजह से हम क्रिएटिवनेस पर ध्यान नहीं दे पाते लेकिन जब आप ड्राइंग या पेंटिंग करते हैं तो इसमें मौका होता है अपना क्रिएटिव साइड दिखाने का, जिसमें आपका दिमाग इंगेज रहता है और इससे वो लंबे समय तक सही तरीके से फंक्शन करता है।

**गाना सुनें और गुनगुनाएं :** जैसे-जैसे हम बड़े होते जाते हैं जरूरतों के साथ हमारी आदतें भी बदलती जाती हैं। लेकिन कुछ आदतों का साथ आपको बड़े होने पर भी नहीं छोड़ना चाहिए, जिसमें से एक है गाना सुनना और उसे गुनगुनाना। गाने को गुनगुनाने के लिए आपको उसे याद करना पड़ता है और याद करने के लिए ध्यान से सुनना पड़ता है।

**सवाल पूछने की आदत डालें :** सवाल पूछने की आदत बहुत ही अच्छी आदत होती है ब्रेन को हेल्दी रखने के लिए। सवाल पूछने के लिए किसी टॉपिक को ध्यान से सुनना और पढ़ना पड़ता है जो एक अच्छी एक्टिविटी है।

# हींग से महिलाओं की ये समस्याएं होंगी दूर, रोजाना करें सेवन

हींग सेहत के लिए बहुत फायदेमंद मसाला है। आयुर्वेद में हींग को कई बीमारियों और समस्याओं के लिए औषधि के रूप में भी इस्तेमाल किया जाता है। लगभग हर भारतीय किचन में हींग का इस्तेमाल किया ही जाता है। हींग पाचन शक्ति को बढ़ाने के साथ-साथ भोजन के स्वाद को भी बेहतर बनाने का काम करती है। भारत में हींग की खेती बहुत कम की जाती है। हमारे देश में ज्यादातर हींग ईरान, अफगानिस्तान और काबुल आदि के पहाड़ी क्षेत्रों से आती है। आयुर्वेद में अस्थमा के मरीजों के लिए हींग को बहुत कारगर औषधि के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। हींग की तासीर भले ही हल्की तीखी होती है लकिन इसकी महक बहुत ज्यादा अच्छी होती है। सही ढंग से इसका इस्तेमाल करने से सेहत को कई फायदे मिलते हैं। महिलाओं के लिए भी हींग बहुत फायदेमंद मानी जाती है। हींग का इस्तेमाल करने से महिलाओं की कई समस्याओं में फायदा मिलता है। महिलाओं की कई समस्याओं में हींग का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद माना जाता है। आप इसे आसानी से अपनी डाइट में शामिल कर सकती हैं इसके अलावा आयुर्वेद में बताये तरीकों से इसका इस्तेमाल कर सकती हैं। हींग का सेवन करने से आपके पेट की पाचन शक्ति बढ़ती है और कई समस्याओं में फायदा मिलता है। सदियों से हींग का इस्तेमाल खाना बनाने और समस्याओं के इलाज के तौर पर किया जाता है। आपको यह बात हमेशा याद रखनी चाहिए कि हींग सेहत के लिए जितनी फायदेमंद होती है वहीं इसका गलत तरीके से इस्तेमाल करने पर इसके नुकसान भी हो सकते हैं। महिलाओं की कई समस्याओं को दूर करने के लिए हींग का इस्तेमाल इन तरीकों से किया जा सकता है।



## पाचन तंत्र के लिए उपयोगी

हींग का सेवन पाचन तंत्र के लिए बहुत फायदेमंद होता है। पीरियड्स या मासिक धर्म के दौरान या उसके बाद महिलाओं में पेट से जुड़ी समस्याएं हो जाती हैं। इन समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए आप हींग का इस्तेमाल करें। आप इसे अपने भोजन में मसाले या तड़के के रूप में शामिल कर सकती हैं।

## पेड़ू के दर्द में फायदेमंद हींग

महिलाओं में पेड़ू में अचानक उठने वाले दर्द की समस्या को दूर करने के लिए हींग का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। पेड़ू में ऐंठन और दर्द को कम करने के लिए आपको हींग का सेवन करना चाहिए। इसका नियमित रूप से सेवन करने से इस समस्या में बहुत फायदा मिलता है।

## ल्यूकोरिया की समस्या में फायदेमंद

हींग में एंटीइंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। ये गुण पीरियड्स की समस्या में तो फायदेमंद होते ही हैं साथ ही ल्यूकोरिया की समस्या में भी बहुत फायदेमंद माने जाते हैं। कई शोध और अध्ययन इस बात की भी पुष्टि करते हैं कि हींग का सेवन करने से आपको ल्यूकोरिया और कैंडिडा इंफेक्शन को ठीक करने में फायदा मिलता है। इन समस्याओं में डॉक्टर की सलाह पर ही इसका इस्तेमाल करना चाहिए।


## स्किन के लिए फायदेमंद

स्किन से जुड़ी समस्याओं में हींग का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। स्किन पर होने वाली समस्याएं जैसे दाद, खुजली और अन्य चर्म रोगों में हींग का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। इन समस्याओं में हींग के पानी का इस्तेमाल भी किया जाता है।

## पीरियड्स का दर्द दूर करने में फायदेमंद

पीरियड्स के दौरान महिलाओं को कई तरह की परेशानियां झेलनी पड़ती हैं। इस दौरान पेट में होने वाला गंभीर दर्द बहुत खतरनाक और असहनीय होता है। पीरियड्स के समय पेट में दर्द की समस्या को कम करने के लिए नियमित रूप से हींग का सेवन करना फायदेमंद होता है। पीरियड्स के दर्द से तुरंत राहत पाने के लिए भी आप चुटकी भर हींग गर्म पानी के साथ खा सकती हैं।


# वर्तमान भौतिकता की चकाचौंध में वैराग्य संयम पथ पर बढ़ना आश्चर्य



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** जहाँ वर्तमान युग भौतिकता, विलासिता, पाश्चात्य संस्कृति की ओर बढ़ रहा है। वहां अध्यात्मता की ओर बढ़ना, संयम पथ स्वीकार करना बहुत बड़ा साहसिक एव आश्चर्यजनक व कठिन कार्य है। मोम के दांतों लोहे के चने चबाने वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। मुमुक्षु कविता बोथरा सम्पन्न परिवार से इंटीरियर डिजाईनर एवं बीण्कॉम आगम सूत्र की ज्ञाता, विज्ञ फिर वैराग्य का होना आश्चर्य है। सब सुख सुविधाओं के बावजूद यह कंटकीर्ण मार्ग जैन भगवती दीक्षा अंगिकार करना दुढ़मनोबल, गुरु भक्ति एवं हलुकर्मी आत्मा का परिचायक है। सु:श्रावक, सेवाभावी एवं राजस्थान पेंशनर समाज नोखा के संरक्षक करणीदान बोथरा-झमकूदेवी बोथरा की सुपोत्री एवं श्रीपाल-सुधादेवी की लाडली सुपुत्री और राजकीय जिला अस्पताल नोखा के प्रभारी डॉ. सुनील कुमार बोथरा की भ्राता पुत्री भतीजी की जैन भगवती दीक्षा 1008 आचार्य भगवन श्री रामलालजी महाराज के श्री मुख कमल से मुमुक्षु कविता बोथरा की बीकानेर जिले के नोखा स्थित गट्टाणी सत्संग भवन, जोरावर पुरा नोखा मे 23 अप्रैल 2026 को होगी नोखा धर्मनगरी है। बोथरा कुल में ऐसी महान आत्मा संसार के भौतिक सुख सुविधा का छोड़ मुक्ति पथ पर बढ़ रही है गौरवशाली बोथरा परिवार सभी पढे लिखे ज्ञानराधना परिवार में अमूल्यरत्न का होना सम्पूर्ण नोखा, जोरावरपुरा के लिए गर्व की बात है। राजस्थान पेंशनर समाज नोखा के अध्यक्ष इन्द्रचन्द मोदी ने अपनी संस्था के संरक्षक करणीदान बोथरा, डॉ. सुनील कुमार बोथरा सहित घर परिवार को शुभकामनाएं दीं। संघ में सीर होना विलक्षण बात है। आचार्य भगवन रामलालजी महाराज स्वयं परिवार से दीक्षित है, सन्त, सतियों का समागम नोखा को अनोखा बना रहा है। हजारों की तादाद में नर-नारी इस महनीय विलक्षण जैन भगवती दीक्षा के साक्षी होंगें। इसी अवसर पर दूर दराज से दीक्षा अंगिकार करने हेतु कुछ ओरों के आने की प्रबल सम्भावना है। उपाध्याय प्रवर राजेश मुनि महाराज साहब का विशेष उद्बोधन पाथेय मिलेगा। दीक्षा के लिए सम्पूर्ण नोखा में उत्साह है। तैयारिया चल रही है।

# मातृभाषा से सृजनशीलता व संस्कृति का ज्ञान : डॉ. अग्रवाल




निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सिन्धी भाषा मान्यता दिवस पर पाथेय भवन में भारतीय सिन्धु सभा राजस्थान न्यास व महानगर इकाई के संयुक्त तत्वावधान में संगोष्ठी आयोजित हुई। मुख्य वक्ता डॉ. रमेशचंद अग्रवाल ने कहा कि मातृभाषा में प्राथमिक शिक्षा से सृजनशीलता बढ़ती है और संस्कृति का ज्ञान मिलता है। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष राजेश वाधवाणी ने सिन्धु सभ्यता की विरासत पर प्रकाश डाला, वहीं उपाध्यक्ष महेंद्र तीर्थाणी ने केन्द्रीय सिन्धी विश्वविद्यालय गठन की मांग की। कार्यक्रम में 150 से अधिक शिक्षा मित्रों, विद्यार्थियों व प्रतिभाओं का सम्मान किया गया तथा बाल संस्कार शिविरों के लिए पुस्तक का विमोचन हुआ। सिन्धु दर्शन यात्रा 5 से 8 जून तक लेह.लद्दाख में आयोजित होगी। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# इंस्पेक्टर दिनेश सिंह नेशनल रोड सेफ्टी एक्सीलेंस अवार्ड 2026 से सम्मानित



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ मोटर व्हीकल्स डिपार्टमेंट टेक्निकल ऑफिसर्स एसोसिएशन की ओर से आयोजित एक्सीलेंस अवार्ड 2026 कार्यक्रम में प्रादेशिक परिवहन कार्यालय, जयपुर-द्वितीय विद्याधर नगर, जयपुर, राजस्थान में पदस्थापित इंस्पेक्टर दिनेश सिंह को श्नेशनल रोड सेफ्टी एक्सीलेंस अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें सड़क सुरक्षा जागरूकता के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान, समर्पण, प्रभावी पहलों तथा दुर्घटना नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका के लिए प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कर्नाटक सरकार के परिवहन मंत्री रामालिंगा रेड्डी उपस्थित रहे। इसके साथ ही विशेष अतिथि के रूप में विधायक येलंका एस.आर. विश्वनाथ तथा अन्य विशिष्ट अतिथियों में डॉ. एन.वी. प्रसाद ;आईएएस, सचिव, परिवहन विभाग, कर्नाटकय योगेश ए.एम. आईएएस, आयुक्त, परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग, कर्नाटकय राजेश जे. नावेकर आईएएस, आयुक्त परिवहन, महाराष्ट्र तथा किंजल सिंह आईएएस, आयुक्त परिवहन, उत्तर प्रदेश शामिल रहे। इस कार्यक्रम में कर्नाटक सहित पूरे भारत के विभिन्न राज्यों से परिवहन विभाग के अधिकारी, निरीक्षक एवं जिला परिवहन अधिकारी उपस्थित रहे।

# सुनसान जगह कार में बैठकर चेन्नई-दिल्ली मैच पर करवा रहा था सट्टा, पुलिस ने दबिश देकर बुकी को किया गिरफ्तार

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** तारानगर पुलिस ने शनिवार रात्रि को आईपीएल में चेन्नई-दिल्ली क्रिकेट मैच में सट्टे की खाईवाली करवाते एक बुकी को गिरफ्तार किया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजगढ़ रिछपाल सिंह चारण ने बताया कि तारानगर थाना प्रभारी आरपीएस स्वाति बूरी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने शनिवार रात्रि को गश्त के दौरान करणपुरा से सातमील सड़क आम पर एक स्विफ्ट डिजायर कार में सुनसान जगह पर खड़े होकर आईपीएल क्रिकेट मैच पर सट्टे की खाईवाली करते हुए सूर्य प्रकाश पुत्र मनीराम निवासी करणपुरा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार को जब्त कर क्रिकेट मैच सट्टे में प्रयुक्त दो मोबाइल फोन व व्हाट्सएप की चेटिंग में लिखा करीब एक करोड़ से ज्यादा का हिसाब-किताब भी जब्त किया है। पुलिस ने आरोपित सूर्यप्रकाश के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच तारानगर थाने के उप निरीक्षक सत्यप्रकाश कर रहे हैं।

# उत्तरांचल स्तरीय युवा सम्मेलन आयोजित

## केबिनेट मंत्री कर्नल राजवर्धन सिंह राठौड़ ने की शिरकत, नशा मुक्ति का संदेश

निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ रविवार को लाडनूं दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने जैन विश्व भारती के युवा आलोक भवन में अखिल भातेयुप द्वारा आयोजित उत्तरांचल स्तरीय युवा सम्मेलन में शिरकत की। इससे पूर्व उन्होंने आचार्य श्री महाश्रमण से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद भी प्राप्त किया। इस दौरान युवाओं को संबोधित करते हुए राज्यवर्धन सिंह ने सद्भावना एवं नशा मुक्ति का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आचार्य महाश्रमण पूरे विश्व को यही संदेश दे रहे हैं, जिसे आत्मसात करना आज के समय की जरूरत है। कर्नल राठौड़ ने कहा कि भारतीयता का विचार हमें एक दूसरे से बांधे हुए हैं। यही विचार हमें जोड़कर एकजुट रखता है। धर्म का मतलब किसी मजहब या जाति से नहीं, बल्कि कर्तव्य ओर कर्म से है। कर्म ही धर्म है और धर्म ही कर्म है। उन्होंने युवाओं में बढ़ते नशे पर चिंता जताते हुए कहा कि नशा समाज और परिवार को खोखला कर देता है। इसलिए युवाओं को नशे से बचने की जरूरत है। इस दौरान भाजपा नेता करणी सिंह, प्रवास व्यवस्था समिति अध्यक्ष प्रमोद बैद, महामंत्री निर्मल कोटेचा, मंत्री राजेंद्र खटेड, सलील लोढ़ा एवं गणमान्य जन मौजूद रहे।



# त्रिवेणी धाम के पुजारी रघुनंदन दास महाराज ने स्वेच्छिक रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन

निसं




**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** त्रिवेणी धाम में पुजारी रघुनंदन दास महाराज द्वारा शनिवार को राजस्थान शिक्षक संघ कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष एवं माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के पूर्व सदस्य बी.एल.सैनी की पुण्यतिथि पर स्वेच्छिक रक्तदान-शिविर के पोस्टर का विधिवत् विमोचन किया गया। इस मौके पर महाराज ने कहा कि मानव-सेवा के कार्य करना सबसे बड़ा पुण्य-कर्म है।

उन्होंने लोगों से कहा कि परमपिता परमेश्वर सदैव प्राणियों की सेवा के कार्यों से ही प्रसन्न होते हैं। शिविर संयोजक दीपेश सैनी ने बताया कि 15 अप्रेल, 2026 को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक केशव नगर सामुदायिक केंद्र, हवा सड़क, सिविल लाइंस, जयपुर में स्वेच्छिक रक्तदान-शिविर आयोजित होगा।

दीपेश सैनी ने बताया कि स्वेच्छिक रक्तदान-शिविर के साथ-साथ श्रद्धांजलि-सभा का भी आयोजन होगा जिसमें जयपुर, अजीतगढ़, अमरसर, नायन, शाहपुरा, सामोद सहित आस-पास के क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण एवं युवावर्ग लोग मौजूद रहेंगे। पोस्टर विमोचन के मौके पर श्रीकृष्ण गौशाला अजीतगढ़ के प्रबंधन अध्यक्ष चैतन्य कुमार मीणा, रामावतार सैनी, विकास सैनी, राकेश गुर्जर, पिंटू गुर्जर, मनोज कुमार सैनी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# हिन्दू जीवन पद्धति से प्रकृति का संवर्धन और संरक्षण संभव : गोविन्द प्रसाद




निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ की संचियालाल बैद माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर के सभागार में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा प्रमुख जन गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्या भारती राजस्थान के क्षेत्रीय संगठन मंत्री गोविन्द प्रसाद मुख्य वक्ता के रूप में तथा खण्ड संघ चालक, धनराज सेन मंचस्थ अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। गोष्ठी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में संघ की स्थापना, समाज को दिशा देने हेतु किये जा रहे कार्यों, राष्ट्र निर्माण के संदर्भ में उद्देश्यों एवं चरित्र निर्माण सम्बंधी विषयों पर चर्चा की गई। क्षेत्रीय संगठन मंत्री ने कहा कि श्राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का मूल उद्देश्य उत्तम चरित्र के जिम्मेदार व्यक्तित्व तैयार करना है जो कि भारतवर्ष के चहुंमुखी विकास में भागीदारी निभा सके। इस अवसर पर नगर के विभिन्न वर्गों में विशिष्ट सेवा एवं प्रभुत्व रखने वाले गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कृपाशंकर स्वामी ने किया।

# महिला सुरक्षा के लिए जयपुर में 5 महिला पीसीआर वैन शुरू



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** महिला एवं बालिकाओं की सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से रविवार को पुलिस कमिश्नरेट जयपुर से पांच महिला पीसीआर वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर पुलिस उपायुक्त पूर्व रंजीता शर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त रानू शर्मा उपस्थित रहीं।

अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर यातायात एवं प्रशासन योगेश दाधीच ने बताया कि महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इन पीसीआर वैन का संचालन दो पारियों में किया जाएगा। पहली पारी प्रात: 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक तथा दूसरी पारी दोपहर 3 बजे से रात्रि 11 बजे तक कार्यरत रहेगी। ये सभी वैन पुलिस नियंत्रण कक्ष के सुपरविजन में संचालित होंगी और 1090 पर प्राप्त शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई करेंगी। उन्होंने बताया कि ये महिला पीसीआर वैन भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों, महिलाओं की अधिक आवाजाही वाले स्थानों, स्कूल-कॉलेजों और मॉल्स के आसपास नियमित गश्त करेंगी। साथ ही किसी भी स्थान से सूचना मिलने पर नियंत्रण कक्ष द्वारा निकटतम पीसीआर वैन को तुरंत मौके पर भेजा जाएगा, जिससे त्वरित सहायता सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अपराध अजय सिंह, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त मुख्यालय पार्थ शर्मा सहित पुलिस निरीक्षक अनीता एवं सपना और अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# जयपुर में ट्रांसप्लांट खिलाड़ियों को मिला मंच, जाखल के भवानीसिंह ने किया शुभारंभ

निसं




**बुगाला ( नवयत्न )।** राजस्थान ट्रांसप्लांट गेम्स फेडरेशन व आरोहण स्पोर्ट्स एकेडमी के तत्वाधान में राजस्थान का प्रथम मल्टी स्पोर्टस ट्रेनिंग कैम्प फॉर ट्रांसप्लांट गेम्स का शुभारंभ जयपुर में किया गया। भवानीसिंह जाखल ने बताया कि इसमें मुख्यत पेटांक, तीरंदाजी व डाट्स का दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। देशभर से अलग-अलग अंगों के प्रत्यारोपित 50 खिलाड़ियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। शुभारंभ भाजपा के प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बागड़ी ने किया। इस मौके पर भीमसिंह डिप्टी कमिश्नर जीएसटी डॉ. लोकेश कुमार डिप्टी डायरेक्टर मेडिकल एंड हेल्थ विजय शर्मा स्वराज महिंद्रा ऑटोमोबाइल हरिसिंह भाटी नर्सेज जिलाध्यक्ष एसएमएस हॉस्पिटल जयपुर तथा समस्त अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी मौजूद रहे। ट्रांसप्लांट गेम्स फेडरेशन के कार्यकारिणी सदस्य भवानी सिंह, अमित शर्मा, हितेश शर्मा, रवींद्र सिंह, अंकित कुमार, राजेंद्र सिंह व मुजाहिद नकवी के नेतृत्व में इन खेलों का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रवण सिंह बगड़ी ने कहा कि अंगदान के बाद भी जीवन खेलों के माध्यम से सरल हो सकता है उन्होंने सभी अंग दान दाताओ व अंग प्राप्त कर्ताओं का भी साधुवाद किया कि वे विपरीत शारीरिक परिस्थितियों में भी विश्व स्तरीय प्रतियोगिताओं में मेडल प्राप्त कर भारत का नाम विश्व पटल पर रोशन कर रहे हैं। इन खेलों में वे ही खिलाड़ी भाग लेते हैं जिनका कोई न कोई अंग प्रत्यारोपण हो चुका हो। शिविर में तीन खेलो की ट्रेनिंग दी गई, जिसमें तीरंदाजी की ट्रेनिंग आरोहण स्पोर्ट्स एकेडमी के कोच कविता एवं रवि शर्मा, पेटांग की ट्रेनिंग राजस्थान ट्रांसप्लांट गेम्स फेडरेशन एवं न्यू पेटांक एसोसिएशन ऑफ पुडुचेरी द्वारा संयुक्त रूप से एवं डाट्र्स की ट्रेनिंग आरटीजीएफ द्वारा दी गई। प्रोग्राम में ऑर्गन इंडिया के बैनर तले इंटरनेशन ट्रांसप्लांट गेम्स में भाग लेने वाले खिलाड़ियों ने नए खिलाड़ियों को बेसिक खेलों के गुर सिखाए। जयपुर के सभी बड़े हॉस्पिटल के ट्रांसप्लांट डॉक्टर्स ने इन खेलो की सराहना की तथा यह ट्रांसप्लांट के बाद मरीज को एक उत्कृष्ट लाइफ जीने के लिए प्रेरित करने वाला बताया। सवाई मानसिंह अस्पताल के सुपर स्पेशलिटी विंग के अधीक्षक डॉ. शिवम प्रियदर्शी एवं एसएमएस के अतिरिक्त अधीक्षक डॉ. एनएस चौहान, पूर्व डायरेक्टर जनरल एवं पूर्व केंद्रीय सचिव विश्व मोहन कटोच ने भी प्रतीक चिन्ह देकर इन खिलाड़ियों को सम्मानित किया। मणिपाल, राजस्थान, इंटरनल हॉस्पिटल, फोर्टिस हॉस्पिटल के यूरोलॉजी एवं नेफ्रोलॉजी डॉक्टर्स ने भी इन खेलों के पोस्टर का विमोचन किया तथा इसमें भाग लेने के लिए ट्रांसप्लांट किए हुए मरीजों को प्रेरित भी किया।

# नाहरगढ़ जैविक उद्यान : टाइगर भीम और गोल्डन टाइग्रेस स्कंधी पहली बार सफारी में पर्यटकों के लिए खुले

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी के नाहरगढ़ जैविक उद्यान में रविवार को पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ी। सुहावने मौसम और अवकाश के चलते कुल 1704 पर्यटकों ने उद्यान का भ्रमण कर वन्यजीवों का नजदीक से दीदार किया। इस दौरान लायन सफारी और टाइगर सफारी मुख्य आकर्षण रहीं, जहां 216-216 पर्यटकों ने रोमांचक अनुभव प्राप्त किया। विशेष रूप से व्हाइट टाइगर भीम और उसकी गोल्डन बहन टाइग्रेस स्कंधी को पहली बार टाइगर सफारी में पर्यटकों के लिए छोड़ा गया, जिन्हें देख सैलानी रोमांचित नजर आए। नाहरगढ़ जैविक उद्यान राजस्थान का पहला ऐसा स्थान बन गया है, जहां व्हाइट टाइगर सफारी का संचालन हो रहा है। अब तक इन बाघों को केवल जैविक उद्यान में ही देखा जा सकता था, लेकिन अब सफारी क्षेत्र में उनकी मौजूदगी पर्यटकों के आकर्षण को और बढ़ा रही है। उप वन संरक्षक विजयपाल सिंह ने बताया कि पर्यटकों की सुरक्षा और व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। एसीएफ देवेंद्र सिंह राठौड़ और रेंजर शुभम शर्मा ने रविवार को सफारियों की मॉनिटरिंग कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

टूरिज्म मैनेजमेंट टीम द्वारा टिकटिंग, वाहन सुविधा, दिशा-निर्देश, भीड़ नियंत्रण और सफाई व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित किया गया। सिंह ने बताया कि सतत निगरानी और बेहतर प्रबंधन के चलते नाहरगढ़ जैविक उद्यान राज्य के प्रमुख वन्यजीव पर्यटन स्थलों में शामिल हो चुका है। यह पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ पर्यटकों को शिक्षाप्रद और मनोरंजक अनुभव भी प्रदान कर रहा है।

# पुलिस ने हथियार सप्लाई करने के एक आरोपी को किया गिरफ्तार, तीन माह से चल रहा था फरार

निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी पुलिस ने देर शाम को हथियार सप्लाई करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी पिछले तीन माह से फरार चल रहा था। थानाधिकारी मोहनलाल ने बताया कि 18 जनवरी को सक्रिय अपराधियो, अवैध कारोबारियो, एचएस की चैकिंग व धरपकड तथा एरिया डोमीनेशन अभियान के तहत थाना खेतडी थाने के हिस्ट्रीशीटर अपराधी सुनिल उर्फ अनिल के रिहायशी मकान की तलाशी के दौरान निवास स्थान से 28 जिंदा कारतुस मिलने पर सहयोगी विक्रम गुर्जर को मौके पर ही गिरफतार किया गया था। एचएस सुनिल उर्फ अनिल के वक्त घटना से फरार होने पर थाना पर मामला दर्ज किया गया। घटना मे वांछित मुल्जिम सुनिल उर्फअनिल को पुर्व मे गिरफतार किया जा चुका है। जिससे पुछताछ करने पर 28 जिंदा कारतूस आरोपी सोमदत्त से लिया जाना बताया। हथियार सप्लाई करने के मामले में फरार आरोपी सोमदत की तलाश के लिए टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा आरोपी के रिश्तेदारीयों व सम्भावित स्थानों पर दबिश दी गई।

# राष्ट्रीय मठ मंदिर संघ महाधिवेशन में गूंजे मंदिर सुरक्षा के मुद्दे



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय मठ मंदिर संघ द्वारा जयपुर में महाधिवेशन का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न मठ-मंदिरों के महंत, पुजारी एवं संगठन के पदाधिकारियों ने भाग लेकर धार्मिक एवं सामाजिक विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक गोपाल शर्मा उपस्थित रहे। महाधिवेशन का आयोजन संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष हनुमान सहाय शर्मा एवं प्रदेश अध्यक्ष राम पंडा के मार्गदर्शन में किया गया। इस दौरान संगठन की भावी योजनाओं और मठ-मंदिरों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में बताया गया कि संघ चार प्रमुख विषयों पर निरंतर कार्य कर रहा है। मठ एवं मंदिरों की सुरक्षा सुनिश्चित करना, पुजारियों व महंतों की सुरक्षा, मंदिरों की भूमि की रक्षा तथा माफी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराना। महाधिवेशन में संगठन की महिला विंग का गठन कर विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की गईं। महिला विंग महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के साथ ही प्रताड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएगी। इस अवसर पर पदाधिकारियों ने कहा कि राष्ट्रीय मठ मंदिर संघ समाज और धर्म से जुड़े मुद्दों पर निरंतर कार्य करता रहेगा तथा मठ-मंदिरों की सुरक्षा और सम्मान के लिए संगठन को और सशक्त बनाया जाएगा।

# राजस्थान स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में गूंजा सुंदरकांड

## महिलाओं ने किया सत्संग



निसं

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** युवा जन शक्ति फाउंडेशन के तत्वावधान में शहर के रेलवे स्टेशन के पास स्थित राजस्थान स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स परिसर में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान हिंदी सुंदरकांड महिला मंडल द्वारा सामूहिक संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया गया, जिसमें काफी संख्या में महिला श्रद्धालुओं ने भाग लिया। फाउंडेशन अध्यक्ष नीतिका संजय थालौर के संयोजन और मंडल संयोजक सुधा सिद्दड़ के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में पाठ के उपरांत विशेष सत्संग का आयोजन भी हुआ। इस अवसर पर महिलाओं ने भजनों की सुमधुर प्रस्तुतियां देकर भगवान को रिझाया।

### आस्था ही शांति का मार्ग : नीतिका थालौर

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नीतिका थालौर ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने व्यस्त जीवन से प्रतिदिन ईश्वरीय आराधना के लिए समय निकालना चाहिए। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि आस्था से बढ़कर कुछ नहीं है और मन की शांति व हर मुश्किल के समाधान के लिए भक्ति ही सबसे सरल मार्ग है।

### भजनों पर झूमीं श्रद्धालु

सजाए गए राम दरबार के समक्ष आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं भक्ति भाव में सराबोर नजर आईं और भजनों पर नृत्य कर बाबा का गुणगान किया।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर सोना चेतीवाल, आईना सैनी, रेखा पांडे, अविका अडूकिया, अस्मिता गुप्ता, पूनम पुजारी, सुनीत शाह, पूजा शर्मा, बबीता गुप्ता, शिल्पा गुप्ता, रितु गुप्ता, मंजू वर्मा, सुधा शर्मा, विजयलक्ष्मी, अनिता जांगिड़, अंजू जांगिड़, ललिता जांगिड़, पिंकी जांगिड़, लक्ष्मी पवार, महिंद्रा, पूनम, उषा, वंदना, सुमन सोनी, सपना, कौशल्या शर्मा, रेखा चौधरी, पूनम गुप्ता, वंदना जांगिड़, उषा सोनी, पूजा, सुधा जांगिड़, सरोज जांगिड़, किरण और सुमन शर्मा सहित अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं।

# श्री श्याम परिवार का वार्षिक महोत्सव : विधि-विधान से हुई मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मानसरोवर स्थित मुहाना मंडी रोड, मंगलम पैलेस में श्री श्याम परिवार गो सेवा समिति के तत्वावधान में प्रथम वार्षिक उत्सव श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर श्री श्याम बाबा की मूर्ति की विधि.विधान से प्राण–प्रतिष्ठा कराई गई। कार्यक्रम में भजन मंडली ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया और पूरा वातावरण भक्तिमय बना दिया। पंडित कैलाश आचार्य ने प्राण–प्रतिष्ठा से पूर्व प्रथम पूज्य भगवान गणेश की विधिवत पूजा–अर्चना करवाई। इसके बाद नवग्रह, कुलदेवी एवं पितृ पूजन सम्पन्न कराया गया। साथ ही उन्होंने पूजा के दौरान विभिन्न देवी–देवताओं की आराधना के सही विधि–विधान और समय के महत्व की जानकारी भी श्रद्धालुओं को दी।

### दक्षिणा का बताया महत्व

पंडित कैलाश आचार्य ने धार्मिक अनुष्ठानों में दक्षिणा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पूजा–पाठ के दौरान यदि कोई सामग्री अर्पित करना भूल जाएं, तो दक्षिणा के माध्यम से उसकी पूर्ति की जाती है। उन्होंने बताया कि पूजा के पश्चात पंडितों को दक्षिणा देने से अनुष्ठान का पूर्ण फल प्राप्त होता है।

### 15 दंपत्तियों ने किया अभिषेक

उत्सव के दौरान 15 विवाहित दंपत्तियों ने 9 प्रकार के जूस, इत्र एवं गंगाजल से श्री श्याम बाबा का अभिषेक किया। समिति के संरक्षक राधेश्याम टेलर ने अपनी धर्मपत्नी गणेशी देवी के साथ पूजा में विशेष भूमिका निभाई। संपूर्ण अनुष्ठान उनके सानिध्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और पूरे आयोजन में भक्ति एवं उत्साह का वातावरण बना रहा।

# संघ के 100 वर्ष राष्ट्र सेवा व सामाजिक जागरण को समर्पित

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रमुख जन गोष्ठी का आयोजन




निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** कस्बे के सरस्वती मैरिज गार्डन में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रमुख जन गोष्ठी का आयोजन हुआ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचार प्रमुख महावीर प्रसाद व विभाग संघचालक ग्यारसीलाल ने मां भारती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम शुरू हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में क्षेत्र प्रचार प्रमुख महावीर प्रसाद ने अपने उद्बोधन में भारत की प्राचीन सभ्यता, वर्ण व्यवस्था की मूल भावना और सामाजिक समरसता पर प्रकाश डालते हुए वर्तमान परिस्थितियों में हमारी भूमिका में हमारे प्रयास की बात की। संघ की 100 वर्ष की यात्रा मैं सहभागिता के सफर में प्रारंभ में घृणा, उपेक्षा का वातावरण झेला साधना को कम नहीं होने दिया। पांच परिवर्तन से समाज का परिवर्तन कर सकते हैं। राष्ट्रीय एकता, हिंदुत्व की जीवन पद्धति, महापुरुषों ग्रंथों में आस्था का भाव पैदा करना, हिंदू जनसंख्या विषमता बड़ा खतरा है कालांतर में समाप्त विलुप्त होने का खतरा। संयुक्त परिवार सिर्फ उदाहरण बच्चे हैं, सामाजिक सद्भाव, हिंदुत्व का भाव समाज को विभाजन से बचाकर एकता की दिशा में आगे बढ़ना आवश्यक है। पांच परिवर्तन को अपनाकर हिंदू राष्ट्र की ओर आगे बढ़ाने की बात कीए स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग, भोजन की बर्बादी रोकना, जैविक खैती, समाज के वंचित वर्गों को जोड़ने की बात कही। संविधान सबसे बड़ा ग्रंथ है उसका आदर करना चाहि, अधिकार की बात के साथ कर्तव्य का पालन भी करें। नागरिक कर्तव्यों के पालन के प्रति सजग रहें। स्व के जागरण के लिए स्वभाषा, स्व बोली, वेशभूषा को नहीं भूलें। स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करें और स्वावलंबन पर जोर दें। नागरिक शिष्टाचार का घर से ही पालन करें। परिवारों में संस्कारए परंपरा और नियमित पारिवारिक मंगल संवाद आवश्यक हैं। सप्ताह में एक दिन अपने त्यौहार परंपरा का संकल्प लें। भाषा, भूसा, भवन, भजन, भोजन से स्वदेशी जीवन शैली प्रारंभ करेंगे। राष्ट्र के प्रति कर्तव्य बोध का संदेश दिया। उन्होंने पंच परिवर्तन को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया–राष्ट्र प्रथम की भावना, हिंदू समाज की एकता, स्वदेशी का उपयोग, पर्यावरण संरक्षण सिंगल यूज प्लास्टिक का त्याग, नागरिक कर्तव्यों का पालन तथा सामाजिक समरसता को व्यवहार में उतारना। अंत में संघचालक जटाशंकर व्यास ने आभार प्रकट किया अंत में राष्ट्रगान जन गण मन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में चिकित्सा, शिक्षा, जैविक कृषि, आयुर्वेद, सेवाए गौ सेवा व सूचना प्रौद्योगिकी को समर्पित श्रीमाधोपुर, अजीतगढ़, रींगस के सैकड़ो प्रमुख जन मौजूद रहे।

# टॉपर बेटियों का भव्य सम्मान, हेलीकॉप्टर यात्रा से किया अभिनंदन




निसं

**लोसल ( नवयत्न )।** शेखावाटी एजुकेशनल ग्रुप, लोसल द्वारा राजस्थान बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं के सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 10वीं में 99.83 प्रतिशत 600 में से 599 अंक प्राप्त कर राजस्थान टॉप करने वाली प्रियांशी सुंडा एवं कक्षा 12वीं में 99.80 प्रतिशत 500 में से 499 अंक के साथ राजस्थान टॉप करने वाली दिव्या भादू को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। संस्थान के चेयरमैन बी.एल. रणवां द्वारा दोनों टॉपर छात्राओं को हेलीकॉप्टर की विशेष यात्रा करवाई गई। इस दौरान सालासर बालाजी मंदिर, सांगलिया का तेजा मंदिर, अखिल भारतीय सांगलिया धूणी, लोसल स्थित रामानंद आश्रम तथा शेखावाटी शिक्षण समूह के लोसल एवं मौलासर कैम्पस पर हेलीकॉप्टर द्वारा पुष्प वर्षा की गईए जिससे पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल रहा। हेलीकॉप्टर यात्रा के पश्चात शेखावाटी स्पोर्ट्स अकैडमी ग्राउंड में भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम से पूर्व विद्यालय परिसर से बग्गी एवं डीजे के साथ विजय जुलूस निकाला गया। समारोह में रुकनसर फतेहपुर से पधारे गुलाबनाथ जी महाराज ने अपने भजनों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। दिल्ली पुलिस के सेवानिवृत्त डीजीपी मनोज कुमार लाल की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में दोनों टॉपर छात्राओं को 1 लाख 21 हजार रुपए के चेक, माला, साफा, मेडल एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। आर.पी. पंसारी जन सेवा ट्रस्ट, कोलकाता के संस्थापक एवं भामाशाह राजेंद्र प्रसाद पंसारी की ओर से होनहार छात्राओं को लैपटॉप एवं टैबलेट भी प्रदान किए गए । कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र–छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। अपने संबोधन में मनोज कुमार लाल ने शेखावाटी क्षेत्र की शिक्षा और संस्कारों की सराहना करते हुए कहा कि यह क्षेत्र भविष्य में आईएएस एवं आईपीएस जैसे उच्च पदों पर भी प्रतिभाएं देगा। चेयरमैन बी.एल. रणवां ने कहा कि उनका उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े विद्यार्थी को भी प्रथम पंक्ति तक पहुंचाना है। पूर्व विधायक रूपाराम मुरावतीया ने अपने प्रसिद्ध गीत की प्रस्तुति से कार्यक्रम में विशेष आकर्षण जोड़ा। इस अवसर पर अखिल भारतीय सांगलिया धूणी के पीठाधीश्वर ओमदास जी महाराज, शिक्षाविद दयाराम महरिया, उद्योगपति राजेंद्र मीणा, निर्मल गोयल सहित अनेक गणमान्य नागरिक, अभिभावक, विद्यार्थी एवं विद्यालय स्टाफबड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# एमईएएम यंग सिटीजन ऑफ इंडिया-सीजन 3 क्विज का आगाज



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** एमईएएम यंग सिटीजन ऑफइंडिया के तीसरे सीजन की क्विज प्रतियोगिता का शुभारम्भ शहर के सफिया स्कूल से किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के तहत सात टीमें बनाई गईं, जिनमें सुरैया बीए चांद बीबीए रजिया सुल्तान, टीपू सुल्तान, शहीद अब्दुल हमीद, मौलाना अबुल कलाम आजाद और अल्लामा इकबाल के नाम शामिल रहे। क्विज के प्रश्न एमईएएम यंग सिटीजन ऑफ इंडिया की महासचिव सारा इस्माईल ने पूछे। उन्होंने बताया कि पहले दो सीजन सफल रहे हैं और अब तीसरे सीजन की शुरुआत हो चुकी है। पूर्व की भांति इस बार भी विभिन्न स्कूलों में इंट्रा–स्कूल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिसके बाद सेमीफाइनल और ग्रैंड फिनाले होंगे। प्रतियोगिता में छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। परिणामों में टीपू सुल्तान टीम प्रथम, रजिया सुल्तान टीम द्वितीय और मौलाना अबुल कलाम आजाद टीम तृतीय स्थान पर रही। विजेताओं को उपहार प्रदान किए गए, वहीं सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सारा इस्माईल ने बताया कि इस क्विज का उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाना और करियर काउंसिलिंग के माध्यम से उनका मार्गदर्शन करना है। उन्होंने भट्टा बस्ती क्षेत्र में बढ़ती नशाखोरी पर चिंता जताते हुए बच्चों को इससे दूर रहने और समाज को भी इससे मुक्त करने का संकल्प दिलाया। स्कूल की निदेशक नजमुन्निसा ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं।

# भव्य दरबार और भजनों की गूंज से महका श्याम उत्सव



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मानसरोवर स्थित मुहाना मंडी रोड के मंगलम पैलेस में श्री श्याम परिवार गो सेवा समिति के तत्वावधान में प्रथम वार्षिकोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में भव्य दरबार, अखंड ज्योति, छप्पन भोग और आकर्षक पुष्प सज्जा मुख्य आकर्षण रहे। भजन संध्या के दौरान हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा सहित अनेक भजनों पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे। भजन गायकों सावन नागदा, राहुल व्यास, पुरुषोत्तम बृजवासी सहित अन्य कलाकारों ने मधुर प्रस्तुतियां दीं, जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठा। उत्सव के दौरान 15 दंपत्तियों ने फलों के रस, इत्र और गंगाजल से बाबा श्याम का अभिषेक किया। आयोजन समिति के संरक्षक राधेश्याम टेलर ने धर्मपत्नी गणेशी देवी के साथ पूजा–अर्चना में प्रमुख भूमिका निभाई और उनके सानिध्य में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। संत–महंतों की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इत्र, गुलाब और मोगरा की सुगंध से पूरा परिसर महक उठा। साथ ही आयोजित भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

# विद्यार्थियों को साइबर क्राइम पर सुरक्षा और दुष्परिणाम संबंधित कानूनी जानकारी दी



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** तालुका विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष के निर्देशानुसार पीएलवी रामचन्द्र आईतान ने गांव की स्वामी विवेकानंद शिक्षण संस्थान उच्च माध्यमिक विद्यालय ढाणी कुम्हारान में ट्रांसफोमेटिव ट्यूज्डे अभियान के तहत साइबर क्राइम पर सुरक्षा और दुष्परिणाम संबधित कानूनी जानकारी दी। आईतान ने लोक अदालत में जनोपयोगी सेवाओं से संबंधित विषयों पर अपने प्रकरणों को सुगम तरीके से निपटाने व साइबर क्राइम रोकथाम एवं दुष्परिणामों संबधित कानूनी जानकारी दी इस मौके पर निर्देशक बनवारीलाल, प्रधानाचार्य बलराम अध्यापक रमेश किरोड़ीवाल, संजय कुमार, राम निवास, बजरंग लाल, रोहिताश, राजेश, राम निवास, जगदीश, तिलोक चन्द, कुलदीप शर्मा, अध्यापिका रवीना, सुमित्रा, ऋतु, आदि मौजूद रहे। इसी प्रकार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चूरू एवं तालुका विधिक सेवा प्राधिकरण तारानगर के निर्देशानुसरा ग्राम पंचायत तोगावास में मरुधर पब्लिक सेकंडरी स्कूल तोगा वास के प्राचार्य सुमेर सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्य कर्म आयोजित किया गया। विधिक सेवा राकेश कल्ला व नेहा आसेरी ने साइबर अपराधों से बचने के लिए सुरक्षित उपाएं बताएं। और बच्चों को बताया कि मोबाइल का उपयोग करते समय सुरक्षित पासवर्ड का उपयोग करे। ताकि आप फ्रॉड से बच सके। स्कूल संचालक कुंदनमल सोनी ने भी बच्चों के बाल अधिकार और साइबर अपराधों पर विस्तार से अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर स्कूल के स्टाफ भेरूसिंह राठौड़, राजेंद्र कल्ला विनोद सहारण, आरजू, गिरधारीलाल आदि उपस्थित रहे।

# 10 देशों में पहली बार मनाया जाएगा भगवान परशुराम जन्मोत्सव

## गणेश निमंत्रण के साथ 15 दिवसीय कार्यक्रमों का शुभारम्भ




निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सर्व ब्राह्मण महासभा द्वारा इस वर्ष पहली बार भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह का आयोजन देश के साथ–साथ विश्व के 10 प्रमुख देशों में किया जाएगा। इसी क्रम में मोती डूंगरी स्थित गणेश जी मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ गणेश निमंत्रण देकर 15 दिवसीय भव्य कार्यक्रमों का विधिवत शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने सपत्निक नीलम मिश्रा सहित संत–महंतों की उपस्थिति में प्रथम पूज्य भगवान गणपति का विधि.विधान से पूजन कर जन्मोत्सव समारोह के लिए आमंत्रित किया। इस दौरान सुदर्शन आचार्य घाट के बालाजी, आचार्य राजेश्वर, संजय गोस्वामी लाडली मंदिर, त्रिविकामा आचार्य महाराज, लोकेश मिश्रा प्राचीन श्याम मंदिर, पं. नीतीश चतुर्वेदी गीता गायत्री मंदिर एवं मेहंदीपुर बालाजी के प्रतिनिधि सुदीप तिवारी सहित अनेक संत–महंत मौजूद रहे। वैदिक मंत्रोच्चारण एवं सस्वर पाठ के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जयपुर शहर अध्यक्ष अजय शर्मा ने बताया कि 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया के अवसर पर राजस्थान, देश की विभिन्न राजधानियों सहित ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, लंदन, कनाडा, इटली, अमेरिका, बैंकाक दुबई, कतर एवं पोलैंड में धूमधाम से भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाया जाएगा। साथ ही देशभर में शस्त्र पूजन कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि राजस्थान के सभी जिला मुख्यालयों, तहसील एवं गांव–ढाणी स्तर तक 15 दिनों तक शोभायात्रा, कीर्तन, सम्मान समारोह सहित विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस अवसर पर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश शर्मा, राष्ट्रीय महामंत्री महिला प्रकोष्ठ सविता शर्मा, संगठन महामंत्री परमिंदर शर्मा, युवा प्रकोष्ठ के संभाग अध्यक्ष दिनेश शर्मा, संभाग अध्यक्ष अनिल सारस्वत, महामंत्री मनोज मिश्रा, विधि प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष एडवोकेट कमलेश शर्मा सहित कई पदाधिकारियों ने पूजा–अर्चना कर गणेश निमंत्रण किया। इस कार्यक्रम के दौरान भगवान परशुराम के कटआउट एवं रंगीन स्टीकर का विमोचन भी किया गया। विमोचन समारोह में पंकज शर्मा सोडाला, विष्णुदत्त शर्मा, सत्यवीर भारद्वाज, प्रमोद शर्मा, राजेश शांडिल्य, राजू शर्मा, भरत शर्मा, वरुण शर्मा, अशोक शर्मा, उमाशंकर शर्मा, सूर्या शर्मा, देवेंद्र शर्मा, हरि शर्मा, राम शर्मा, मंजूलता शर्मा, निधि शर्मा, महेश भारद्वाज सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

समारोह में करीब 200 से अधिक ब्राह्मण समाज के विभिन्न ब्लॉकों के पदाधिकारी एवं विप्र बंधु शामिल हुए। इस दौरान युवाओं ने भगवान गणेश एवं भगवान परशुराम के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। अंत में राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने बताया कि 15 दिनों तक चलने वाले इस आयोजन के तहत पूरे प्रदेश में विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे।

# जिम्नास्टिक संघ की बैठक सम्पन्न, 17 मई को होंगे चुनाव



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** आज चेणपुरा स्टेडियम, जोधपुर में राज्य जिम्नास्टिक संघ की कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रदेश भर से विभिन्न जिला संघों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। लगभग 15 जिला संघों की उपस्थिति के साथ बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। बैठक में राज्य अध्यक्ष चैन सिंह राठौड़ ने घोषणा की कि वर्ष 2026 से 2030 कार्यकाल हेतु राज्य संघ के चुनाव 17 मई 2026 को कोटा में आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने सभी जिला संघों से अपील की कि वे अधिकाधिक संख्या में भाग लेकर जिम्नास्टिक खेल के विकास में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। बैठक की अध्यक्षता राज्य अध्यक्ष चैन सिंह राठौड़ ने की। इस दौरान सचिव परमेश्वर प्रजापति एवं कोषाध्यक्ष सीए सुधीश शर्मा भी मंच पर उपस्थित रहे और उन्होंने संगठनात्मक गतिविधियों पर अपने विचार साझा किए। बैठक का समापन सकारात्मक और सहयोगपूर्ण माहौल में हुआ, जिसमें सभी सदस्यों ने खेल के विकास के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190